!! श्रीकृष्ण शरणंमम!!

आर.एन.आई. नंबर - MPHIN/2014/56594

वर्ष-11। अंक 152। मूल्य - 2 रुपए। पृष्ठ-08। नगर संस्करण

इंदौर, रायपुर व भोपाल से एक साथ प्रकाशित

# दैनिक आदित्य भारत

सदैव सत्य के साथ...

इंदौर, शुक्रवार, 06 जून, 2025

# राफेल की बॉडी भारत में बनेगी : टाटा का डसॉल्ट एविएशन के साथ समझौता

**एजेंसी ● नई दिल्ली**

राफेल फाइटर जेट की मेन बॉडी अब हैदराबाद में बनेगी। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (TASL) ने इसके लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ चार प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट साइन किए हैं।

राफेल की पहली फ्यूजलाज यूनिट 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आएगी। हैदराबाद में बनाए जा रहे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से हर महीने दो पूरी मेन बॉडी तैयार होने की उम्मीद है। टाटा और डसॉल्ट की ये साझेदारी भारत के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाएगी। डसॉल्ट ने कहा कि ये प्रोजेक्ट भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग का एक बड़ा कदम है। इससे भारत में रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय इंजीनियर्स को विश्व स्तरीय तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। ये पहली बार होगा जब राफेल की मेन बॉडी फ्रांस के बाहर बनेगी।



## राफेल के पुर्जे पहले से ही बनाता है टाटा

टाटा ग्रुप पहले से ही डसॉल्ट के साथ मिलकर राफेल और मिराज 2000 जैसे विमानों के पुर्जे बनाता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के CEO सुकरन सिंह ने कहा, "ये साझेदारी भारत के हवाई जहाज बनाने के सफर में एक बड़ा कदम है। भारत में राफेल की पूरी मेन बॉडी बनाना दिखाता है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की काबिलियत पर कितना भरोसा बढ़ रहा है और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारा रिश्ता कितना मजबूत है। ये इस बात का भी सबूत है कि भारत ने एक आधुनिक और मजबूत एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम तैयार करने में जबरदस्त तरक्की की है, जो दुनिया के बड़े प्लेटफॉर्म्स को सपोर्ट कर सकता है।" डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है, ताकि राफेल फाइटर जेट का फ्यूजलाज भारत और ग्लोबल मार्केट के लिए बनाया जा सके। डसॉल्ट एविएशन ने टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के साथ साझेदारी की है, ताकि राफेल फाइटर जेट का फ्यूजलाज भारत और ग्लोबल मार्केट के लिए बनाया जा सके।

## एयरक्राफ्ट फ्यूजलाज क्या होता है?

एयरक्राफ्ट फ्यूजलाज हवाई जहाज का मुख्य ढांचा या शरीर होता है, जो विमान का सबसे बड़ा और अहम हिस्सा है। आसान भाषा में कहें तो ये हवाई जहाज का वो हिस्सा है, जिसमें बाकी सारे हिस्से (जैसे पंख, पूंछ, इंजन) जोड़े जाते हैं। ये विमान को उसका आकार देता है और बाकी हिस्सों को एक साथ जोड़कर रखता है। सुपरसोनिक फाइटर जेट का फ्यूजलाज पतला और चिकना होता है, ताकि तेज रफ्तार से उड़ते वक्त हवा का रेजिस्टेंस कम हो।

# 'माता सीता संग विराजे राजारा'

## अयोध्या में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा :सूरत के कारोबारी ने हीरे के आभूषण दान किए, योगी बोले- मोदी आधुनिक भारत के भगीरथ

**एजेंसी ● अयोध्या**

अयोध्या के राम मंदिर में राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। सीएम योगी ने राम दरबार का पूजन किया। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम अभिजीत मुहूर्त में सुबह 11.25 से 11.40 बजे तक चला। रामलला के गर्भगृह के ऊपर यानी फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार बनाया गया है।

इसमें श्रीराम, मां सीता, तीनों भाई- लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न के साथ हनुमानजी की मूर्तियां हैं। काशी के पुरोहित जय प्रकाश त्रिपाठी ने 101 पंडितों के साथ प्राण प्रतिष्ठा कराई। मंत्रोच्चारण के बाद मूर्तियों की आंखों पर बंधी पट्टियां खोली गईं, उन्हें आइना दिखाया गया। भगवान राम सहित चारों भाइयों के हाथों में धनुष हैं।

जहां गर्भगृह में भगवान राम बालक के रूप में हैं, वहीं राम दरबार में राजा के रूप में विराजमान हैं। श्रद्धालु राम दरबार के दर्शन कब से कर सकेंगे, ट्रस्ट ने अभी इसके बारे में कोई जानकारी नहीं दी है।

इस मौके पर सीएम योगी ने प्रधानमंत्री मोदी को आधुनिक भारत का भगीरथ बताया। नमामि गंगे परियोजना से पीएम ने गंगा की पवित्रता को फिर से हासिल किया। योगी ने कहा कि सभी जिलाधिकारियों से कहा गया है कि वो अपने-अपने जिले की एक नदी को पुनर्जीवित करें। नदियों में न सीवर डाला जाए, न नाले गिराए जाएं, न मरे हुए जानवर फेंके जाएं। वहीं, राम दरबार के लिए सूरत के कारोबारी मुकेश पटेल ने हीरे, सोने-चांदी के आभूषण दान दिए। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष दिनेश नेवादिया ने कहा- दान दिए आभूषणों में एक हजार कैरेट का हीरा, 30 किलो चांदी, 300 ग्राम सोना, 300 कैरेट रुबी से 11 मुकुट बनाए गए हैं। इनके अलावा, गले का हार, कान के कुंडल, माथे का तिलक, चारों भाइयों के लिए धनुष-बाण हैं। इन आभूषणों को चार्टर्ड प्लेन से अयोध्या लाया गया। आज से 498 दिन पहले (22 जनवरी, 2024) रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी।



### परकोटे के 6 मंदिरों की भी प्राण प्रतिष्ठा हुई

राम दरबार के अलावा मंदिर के ग्राउंड फ्लोर पर बने परकोटे के 6 मंदिरों में भी प्राण प्रतिष्ठा हुई। इनमें भगवान शिव, श्रीगणेश, हनुमान, सूर्य भगवान, मां भगवती, मां अन्नपूर्णा के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा भी हुई। पिछले साल रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में जहां देशभर के बड़े कारोबारियों, फिल्मी हस्तियों को आमंत्रित किया गया था। वहीं, आज राम दरबार की प्राण प्रतिष्ठा में 350 लोगों को आमंत्रित किया गया था। इनमें ज्यादातर ट्रस्ट के पदाधिकारी और साधु-संत हैं। राम दरबार की मूर्तियों को जयपुर में तैयार किया गया है। ये मूर्तियां मकराना के सफेद संगमरमर से बनी हैं। इसमें भगवान श्रीराम और सीता सिंहासन पर विराजमान हैं। भरत और हनुमान भगवान श्रीराम के चरणों के पास बैठे हैं।

## इंदौर के हनीमून कपल का शिलॉन्ग में CCTV फुटेज मिला

# सोनम को किडनैप करके बांग्लादेश ले जाने का शक

**संवाददाता ● इंदौर**

इंदौर के साकार नगर में रहने वाले राजा रघुवंशी और उनकी पत्नी सोनम का एक CCTV फुटेज सामने आया है, जिसमें दोनों शिलॉन्ग के एक होटल के रिसेप्शन पर नजर आ रहे हैं। उन्होंने 22 मई की शाम को होटल से चेकआउट किया। यहां से सिसौरा के होटल पहुंचे। लगेज रखकर दंपती माउलाकया गांव की ओर चले गए।

इधर, परिजन ने सोनम को अगवा कर बांग्लादेश ले जाने की आशंका जताई है। राजा के मर्डर की जांच सीबीआई से कराने की मांग की है,

### सोनम की तलाश में खून से सना जैकेट मिला

राजा की हत्या का पता लगाने और सोनम को ढूंढने के लिए पुलिस की तलाश जारी है। पुलिस सोहरारिम के पास स्थित मॉकमा गांव के खड़ी और जंगली इलाकों में सोनम रघुवंशी की तलाश कर रही है।

सोहरा सिविल सब-डिवीजन के एसडीपीओ बाह पिनहुन सिएम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, एसआरटी, एफईएस, विशेष जांच दल (एसआईटी) के साथ सर्चिंग की। पुलिस ने बुधवार की सुबह एक जैकेट बरामद की है। हालांकि अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि जैकेट सोनम की है या नहीं। राजा के परिवार ने भी कहा है कि जो जैकेट मिली है वो सोनम की नहीं है।

राजा के भाई विपिन ने राजा की अपहरण के बाद हत्या की आशंका जताई है। इस मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। वहीं राजा की पत्नी सोनम के अभी तक नहीं मिलने को लेकर विपिन ने भी कहा कि बांग्लादेश की बॉर्डर भी उस इलाके से लगी हुई है। विपिन ने बताया- ऐसा सुना है कि यहां जो नए कपल घूमने आते हैं, उनमें से लड़कियों को उठाकर ले जाते हैं।



### परिजन का आरोप- पुलिस सही से जांच नहीं कर रही

राजा रघुवंशी की हत्या का खुलासा होने के बाद पुलिस ने मामले में सीबीआई जांच की मांग की है। शिलांग से वापस आई भाई विपिन का भी कहना था कि वहां सब कुछ ठीक नहीं है। काफी कुछ संवेदनशील मामलों को दबाया जाता है। राजा के लापता होने के बाद से होटल मैनेजर, चाय-नाश्ते की दुकान वाला और गाइड संदेह के घेरे में है, लेकिन पुलिस ने उनसे ठीक से पूछताछ ही नहीं की। गाइड को जब पुलिस सामने लेकर आई तो वह एक रास्ते पर जाकर राजा और सोनम को छोड़ने की बात कहने लगा। जबकि आगे का रास्ता दोनों को भी नहीं पता था।

### बेटे का शव देखकर पिता जमीन पर गिर पड़ें


बुधवार शाम राजा का शव जैसे ही उसके घर पर पहुंचा, पिता जमीन पर गिर पड़े और दहाड़ मारकर रोने लगे। मां उमा बार-बार अपने बेटे को याद करती नजर आईं। रिश्तेदारों और आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। परिवार ने बताया कि कुछ दिन पहले ही पिता अशोक को दिल का दौरा आया था। उन्होंने महज 25 दिनों में बेटे की शादी की खुशियां और उसकी मौत देखी।

### सोनम का भाई पुलिस के साथ शिलॉन्ग में

शिलॉन्ग में अब सोनम का भाई गोविंद रुका हुआ है। सोनम के पिता पैरालाइज्ड है। वहीं, परिवार में अब उसका एक भाई है। उसने दामाद राजा के शव को इंदौर भिजवा दिया। परिवार का मानना है कि सोनम सकुशल आ जाए बस इतना काफी है। वहां की स्थितियां अभी ठीक नहीं है। पुलिस के मुताबिक अभी सोनम को लेकर तलाश की जा रही है।

# 1 करोड़ के इनामी नक्सली सुधाकर मारा गया

**बीजापुर**। छत्तीसगढ़ के बीजापुर के नेशनल पार्क एरिया में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। इसमें केंद्रीय कमेटी मेंबर सुधाकर उर्फ नर सिंहाचलम मारा गया है। वो तेलंगाना, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र में वांटेड था। सुधाकर पर 1 करोड़ रुपए का इनाम भी घोषित है। बताया जा रहा है कि, नेशनल पार्क एरिया में माओवादियों के बड़े कैडर की मौजूदगी की सूचना पर सुरक्षाबल निकले थे। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम में डीआरजी, एसटीएफ और कोबरा के जवान शामिल हैं।



टीम जब सर्चिंग में निकली तो इसी दौरान घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में जवानों ने भी गोलीबारी की। मुठभेड़ के बाद पूरे इलाके में जवानों की सर्चिंग जारी है। नक्सलियों के तेलंगाना स्टेट कमेटी में प्रेस इंचार्ज बंडी प्रकाश समेत बड़े स्तर के नक्सलियों की मौजूदगी की खबर है।

## समिट में आये 1,950 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव

# मध्यप्रदेश बनेगा ग्लोबल वेलनेस सेंटर : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**संवाददाता ● भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन में "स्पिरिचुअल एंड वेलनेस समिट" में कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के 'हील इंडिया' और 'लाइफ स्टाइल' (LiFE) जैसे दूरदर्शी विचारों से प्रेरित होकर मध्यप्रदेश को समग्र जीवनशैली और वेलनेस नवाचार का ग्लोबल सेंटर बनाया जा रहा है। समिट के माध्यम से प्रदेश ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह भारत के वेलनेस मिशन का नेतृत्व करने को पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट को एक परिवर्तनकारी पहलबताया और कहा कि यहां नीति, निवेश, अध्यात्म और समाज कल्याण का संगम हुआ है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश अब भारत के वेलनेस मिशन का ग्लोबल इंजन बनने को तत्पर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समिट में वेलनेस और हॉस्पिटैलिटी क्षेत्र के निवेशकों से13 वन-टू-वन बैठकेंकीं, जिनमें बुनियादी ज़रूरतों, निवेश समर्थक नीतियों और प्राथमिकताओं पर चर्चा हुई। समिट में 1950 करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस और गंगा दशहरा एक ही दिन होने का सुखद संयोग हुआ है। इस अवसर पर 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान का प्रदेश में पुनः शुभारंभ किया गया है। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेश में 5 करोड़ पौधे रोपे गए हैं।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि उनकी सरकार रोजगार सृजन के लिए तेजी से काम कर रही है। धार्मिक स्थानों पर सभी चिकित्सा पद्धतियों के बड़े केन्द्र बनाने के पीछे आशय यही है कि दुनिया भर के लोगों को स्वास्थ्य के साथ अध्यात्म भी प्राप्त हो।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पिछले साल सभी संभागीय मुख्यालयों पर हुई रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव और फरवरी में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में हुए ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट में जहां 30 लाख करोड़ रूपये से अधिक के निवेश प्रस्ताव मिले वहां 21 लाख 75 हजार रोजगार सृजन होने की संभावना भी है। उन्होंने कहा कि हमने 2025 को उद्योग वर्ष घोषित किया है और लगातार सेक्टर वार समिट का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मंदसौर और नरसिंहपुर में एग्री समिट के अलावा इंदौर में आईटी समिट के अच्छे परिणाम आए हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि नीति आयोग ने प्रदेश को तेज गति से आगे बढ़ने वाले राज्यों में अग्रणी माना है। मध्यप्रदेश में सरप्लस बिजली के साथ उत्कृष्ट अधोसंरचना और नई नीतियों के चलते निवेशकों ने यहां का रूख किया है। उन्होंने एमएसएमई सहित अन्य उद्योग को घोषित नीति अनुसार 5000 करोड़ रूपये का अनुदान दिये जाने का उल्लेख भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश स्पष्ट नीति, सक्षम प्रशासन और मजबूत नेतृत्व के साथ निवेशकों को स्थायित्व और सफलता की गारंटी देता है। उन्होंने सभी वेलनेस उद्यमियों और संस्थाओं से प्रदेश में निवेश करने और उज्जैन से शुरुआत करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, "मध्यप्रदेश आएं, और भारत को विश्वगुरु बनाने की यात्रा में भागीदार बनें।"

# केवीआईसी ने 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी संवितरित की

## केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने केंद्रीय कार्यालय मुंबई से ऑनलाइन माध्यम से संवितरण किया

संवाददाता ● भोपाल



केवीआईसी अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने केंद्रीय कार्यालय मुंबई से ऑनलाइन माध्यम से संवितरण किया। अध्यक्ष केवीआईसी ने कहा, "प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वावलंबन और आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम।" खादी और ग्रामोद्योग आयोग (केवीआईसी), सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत मंगलवार को आयोजित एक ऑनलाइन कार्यक्रम के माध्यम से देशभर के 8794 लाभार्थियों को 300 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी संवितरित की गई। यह संवितरण करीब 884 करोड़ रुपये के ऋण स्वीकृति के सापेक्ष किया गया। यह आयोजन मुंबई स्थित केवीआईसी के केंद्रीय कार्यालय, इर्ला रोड, विले पार्ले (पश्चिम) से सम्पन्न हुआ, जिसमें केवीआईसी के अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने लाभार्थियों को सब्सिडी ऑनलाइन माध्यम से जारी की। इस अवसर पर केवीआईसी की सीईओ सुश्री रूप राशि के साथ ही केंद्रीय कार्यालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**कार्यक्रम**

संवितरण कार्यक्रम के अवसर पर अध्यक्ष श्री मनोज कुमार ने एक बयान में कहा, 'प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व और दूरदर्शी मार्गदर्शन में पीएमईजीपी योजना ने आज भारत में स्व-रोजगार का एक मजबूत और प्रभावी आधार तैयार किया है। खादी और ग्रामोद्योग आज केवल एक उत्पाद नहीं, बल्कि यह आत्मनिर्भर भारत के सपनों का सार है। इस योजना ने लाखों युवाओं को न केवल रोजगार दिया है, बल्कि उन्हें उद्यमशीलता की शक्ति से भी जोड़ा है। इस संवितरण में देश के सभी छह जोन की भागीदारी रही।

दक्षिण क्षेत्र के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, पुडुचेरी के लिए 2445 परियोजनाएं स्वीकृत हुईं, जिसके लिए 80.26 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। मध्य जोन में उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, उत्तराखंड की 2366 परियोजनाओं के लिए 91.13 करोड़ रुपये की सब्सिडी संवितरित की गई। पूर्वी भारत में बिहार, झारखंड, ओडिशा, पश्चिम बंगाल व अंडमान निकोबार और पूर्वोत्तर के असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और त्रिपुरा के लिए कुल 2167 परियोजनाओं को करीब 62.68 करोड़ की सब्सिडी प्रदान की गई। उत्तर क्षेत्र के हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, पंजाब, राजस्थान की 1320 परियोजनाओं के लिए 41.80 करोड़ रुपये की सब्सिडी दी गई। वहीं पश्चिम क्षेत्र के गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा में 496 परियोजनाओं को 24.12 करोड़ रुपये की सब्सिडी प्राप्त हुई। इस तरह देशभर के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को सशक्त बनाने के लिए यह एक व्यापक और प्रभावी अभियान सिद्ध हुआ।

प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) जब से शुरू हुआ है तब से लेकर वित्त वर्ष 2024-25 तक ग्रामीण और शहरी भारत में उद्यमिता और आत्मनिर्भरता का स्तंभ बन चुकी है। योजना के अंतर्गत अब तक कुल 10,18,185 सूक्ष्म उद्यमों की स्थापना की जा चुकी है, जिनके लिए भारत सरकार द्वारा 73,348.39 करोड़ रुपये का ऋण स्वीकृत किया है। इसके बदले लाभार्थियों को 27,166.07 करोड़ रुपये की मार्जिन मनी सब्सिडी प्रदान की गई है। इस योजना के माध्यम से अब तक देशभर में 90,04,541 से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त हुआ है, जो इसे देश की सबसे प्रभावी स्वरोजगार योजनाओं में से एक बनाता है।

## शॉट न्यूज

### लसूड़िया इलाके में एटीएम तोड़कर चोरी की कोशिश, सीसीटीवी भी तोड़े

**इंदौर**। लसूड़िया इलाके में एक बैंक के एटीएम में देर रात बदमाशों ने तोड़फोड़ की और रुपए चुराने का प्रयास किया। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी पंकज पिता मांगीलाल महेश्वरी 30 साल निवासी कनाडिया नए दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मैं फीलींग कंपनी में काम करता हूं जो इंडिया वन एटीएम में कैश लोडिंग का काम करती है। मुख्य ऑफिस बेंगलुरु से मुझे कॉल आया कि एटीएम डाउन है। मैं तत्काल सुबह 11:20 बजे पिंक सिटी पहुंचा तो देखा कि एटीएम मशीन को तोड़ा गया। वहां लगे सीसीटीवी कैमरे और मशीन में लगा कैमरा आदि उपकरणों में तोड़फोड़ की गई। पुलिस घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी के फुटेज चेक कर आरोपियों की तलाश कर रही है।

### दो तस्कर गिरफ्तार, 54 लाख की एमडी ड्रग्स जब्त

**इंदौर**। क्राइम ब्रांच द्वारा लगातार तस्करों पर शिकंजा कसा जा रहा है। इसी के चलते रतलाम के तस्कर सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर 54.78 ग्राम एमडी ड्रग्स बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत 54 लख रुपए है। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त राजेश दंडोतिया के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम बीमा हॉस्पिटल के पास पहुंची और मुखबिर द्वारा बताए गए दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोका तो वे भागने लगे जिन्हें पीछा कर पकड़ा गया और पूछताछ में इन्होंने अपना नाम गनी पटेल 31 साल निवासी खजराना बताया। वह 11वीं कक्षा तक पढ़ा है और आरओ बोतल पानी बेचने का काम करता था इसके खिलाफ कई केस दर्ज है। वह पूर्व में भी तस्करी में पकड़े जा चुके आरोपी का साथी है।

### मेपकास्ट में "ग्लोबल वार्मिंग और अभिनव पर्यावरण संरक्षण के उपाय" विषय पर एक व्यावहारिक कार्यशाल

# मप्र में पैतीस संस्थाओं ने मनाया पर्यावरण दिवस

संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (MPCST) में आज "विश्व पर्यावरण दिवस" बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन परिषद् के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी जी के प्रेरणादायक वक्तव्य के साथ हुआ। अपने संबोधन में, डॉ. कोठारी ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को घर के अंदर और बाहर, पर्यावरण की रक्षा के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम की शुरुआत "विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को कैसे बचा सकते हैं" की थीम पर आधारित एक पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसमें कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाया। इसके पश्चात, "ग्लोबल वार्मिंग और अभिनव पर्यावरण संरक्षण के उपाय" विषय पर एक व्यावहारिक कार्यशाला (हैंड्स-ऑन वर्कशॉप) आयोजित की गई, जिसकी विशेषज्ञ मिस नीलू थीं। इस कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से यह जाना कि कैसे उनके छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला के दौरान, समुद्र में अम्ल की बढ़ती मात्रा के प्रभावों को समझाने के लिए एक रोचक प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। इसमें एक अंडे और सिरके का उपयोग करके यह बताया गया कि कैसे सिरका अंडे की कैल्शियम परत को घोल देता है, ठीक उसी तरह जैसे समुद्र में अम्ल की मात्रा बढ़ने पर हमारी समुद्री जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है।

**उद्घाटन**







इसके उपरांत, पर्यावरण संरक्षण पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, तथा मिट्टी से पॉटरी बनाने की कार्यशाला का भी आयोजन हुआ जिसकी विधि बच्चों को पॉटरी विशेषज्ञ श्री अशोक भारद्वाज ने सिखाई। इस कार्यशाला में सभी बच्चों ने अलग-अलग तरीके से पॉटरी बनाना व उसकी बनाने की विधि सीखी। कार्यक्रम के समापन पर परिषद् के वैज्ञानिकों डॉ प्रवीण दिघर्रा, इंजी. विकास शेन्डे, डॉ. सुनील गर्ग, श्री पंकज गोधारा ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के लिए पांच महत्वपूर्ण प्रण दिलाए। बच्चो ने खुद ही यह पांच प्राण तय किये में अनावश्यक बिजली नहीं जलाएंगे। जितना आवश्यक हो उतना ही खाना थाली में लेंगे। अनावश्यक पानी नहीं बहायेंगे। स्वच्छता बढ़ाने आसपास का कचरा डस्टबिन में ही डालेंगे। अपने आसपास के लोगों को पर्यावरण संरक्षण हेतु जागृत करेंगे। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए और सभी बच्चों को एक-एक पौधा भी भेंट किया गया, ताकि वे घर जाकर अपने नाम से एक पौधा लगा सकें और उसकी देखभाल कर सकें। यह पूरा कार्यक्रम मेपकास्ट के साइंस पॉपुलराइजेशन प्रभाग और सेंटर फॉर क्रिएटिव लर्निंग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया | यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवा पीढ़ी को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित करने में मील का पत्थर साबित हुआ। इस कार्यक्रम के समुचित प्रचार प्रसार हेतु सादर निवेदन है।

### मध्य प्रदेश लीग (MPL) "सिंधिया कप" के पहले सीजन की सफलता के बाद, अब दूसरा सीजन ग्वालियर में होने जा रहा है

# एमपीएल सीजन-2 ‘सिंधिया कप 2025‘ के लिए भोपाल लेपड्‌र्स ने की अपनी टीम की घोषणा



संवाददाता ● भोपाल

भोपाल की टीम 'भोपाल लेपड्‌र्स' ने गुरुवार को 'सिंधिया कप 2025' के लिए अपनी टीम की घोषणा की और साथ ही नई जर्सी का अनावरण भी किया। यह कार्यक्रम जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, भोपाल के श्री गुरुदेव गुप्ता मीडिया स्टूडियो में आयोजित किया गया। भोपाल लेपड्‌र्स का स्लोगन रहेगा 'पंजा जीत का'। मीडिया को संबोधित करते हुए, टीम के मालिक अभिषेक मोहन गुप्ता ने बताया कि टीम ने आगामी सीजन के लिए कैसी तैयारी की है। उन्होंने कहा कि टीम क्रिकेट में अच्छा प्रदर्शन करने और खिलाड़ियों के विकास पर फोकस कर रही है। हेड कोच संजय पांडे ने टीम के प्रशिक्षण के बारे में बताया। टीम के कप्तान अरशद खान ने अपने आईपीएल (IPL) के अनुभव से सीख कर आगामी सीजन में टीम का नेतृत्व करने के लिए अपना विजन साझा किया।

**घोषणा**

**12 जून से होगा नए सीजन का आगाज** - MPL का नया सीजन 12 जून, 2025 को श्रीमंत माधवराव सिंधिया क्रिकेट स्टेडियम, ग्वालियर में शुरू होगा। टीम भोपाल लेपड्‌र्स अपना पहला मैच 13 जून को जबलपुर रॉयल लायंस के खिलाफ खेलेगी। मध्य प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वावधान में, ग्वालियर डिवीजन क्रिकेट एसोसिएशन पूरे मध्य प्रदेश में उभरती क्रिकेट प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने में अपनी भूमिका को मजबूत कर रहा है।

### भोपाल लेपड्‌र्स की टीम में होंगे कौन-कौन खिलाड़ी?

MPL सीजन 2 के लिए भोपाल लेपर्ड्स की टीम का नेतृत्व कप्तान अरशद खान और उप-कप्तान कमल त्रिपाठी करेंगे। टीम में अनिकेत वर्मा, गौतम रघुवंशी, माधव तिवारी, हर्ष दीक्षित, कुलदीप गेही, शुभम कुशवाह, गौरव पिचोनिया, शिवांग कुमार, यश दुबे, कुणाल राय, अदीब उर रहमान, रोशन केवट, आयुष मनकर, हिमांशु शिंदे, अक्षय सिंह और आयुष आनंद शामिल हैं। प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की यह टीम मध्य प्रदेश लीग के दूसरे सीजन में भोपाल लेपर्ड्स का प्रतिनिधित्व करेगी। पिछले साल यानी 2024 में, मध्य प्रदेश T20 लीग (MPL) के फाइनल में टीम भोपाल लेपर्ड्स फर्स्ट रनर-अप थी।

**भोपाल लेपर्ड्स के प्रायोजक** - मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2025 में भाग ले रही भोपाल लेपर्ड्स ने सीजन के लिए अपने आधिकारिक प्रायोजकों की घोषणा की है। टीम ने फिटब्लिस बाय एसके, जागरण लेकसिटी यूनिवर्सिटी, श्रूसबरी इंटरनेशनल स्कूल भोपाल, हर्ष एक्सप्रेस और ह्यूमल इंडिया के साथ पार्टनरशिप की है। बता दें कि फ्रेंचाइजी का संचालन एचएमजी सेंटर फॉर स्पोर्ट्स एक्सीलेंस के अंतर्गत होता है, जो अभिषेक मोहन गुप्ता के नेतृत्व में मध्य प्रदेश की एक अग्रणी खेल प्रबंधन संस्था है। एचएमजी के खेल पोर्टफोलियो में लेकसिटी फुटबॉल क्लब भी शामिल है, जो मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग और आई-लीग 3 दोनों में हिस्सा लेती है।

# बच्चों ने सीखा मिट्टी के इकोफ्रेंडली उत्पाद बनाना

संवाददाता ● भोपाल

मध्य प्रदेश काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (MPCST) में आज "विश्व पर्यावरण दिवस" बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन परिषद् के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी जी के प्रेरणादायक वक्तव्य के साथ हुआ। अपने संबोधन में, डॉ. कोठारी ने सभी उपस्थित विद्यार्थियों को घर के अंदर और बाहर, पर्यावरण की रक्षा के लिए पांच संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम की शुरुआत "विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण को कैसे बचा सकते हैं" की थीम पर आधारित एक पेंटिंग प्रतियोगिता के साथ हुई, जिसमें कुल 35 विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी रचनात्मकता के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण के महत्व को दर्शाया। इसके पश्चात, "ग्लोबल वार्मिंग और अभिनव पर्यावरण संरक्षण के उपाय" विषय पर एक व्यावहारिक कार्यशाला (हैंड्स-ऑन वर्कशॉप) आयोजित की गई, जिसकी विशेषज्ञ मिस नीलू थीं। इस कार्यशाला में बच्चों ने विभिन्न प्रयोगों के माध्यम से यह जाना कि कैसे उनके छोटे-छोटे प्रयास भी पर्यावरण को बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। कार्यशाला के दौरान, समुद्र में अम्ल की बढ़ती मात्रा के प्रभावों को समझाने के लिए एक रोचक प्रायोगिक प्रदर्शन किया गया। इसमें एक अंडे और सिरके का उपयोग करके यह बताया गया कि कैसे सिरका अंडे की कैल्शियम परत को घोल देता है, ठीक उसी तरह जैसे समुद्र में अम्ल की मात्रा बढ़ने पर हमारी समुद्री जैव विविधता पर नकारात्मक प्रभाव पड़ सकता है। इसके उपरांत, पर्यावरण संरक्षण पर एक लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया, तथा मिट्टी से पॉटरी बनाने की कार्यशाला का भी आयोजन हुआ जिसकी विधि बच्चों को पॉटरी विशेषज्ञ श्री अशोक भारद्वाज ने सिखाई। इस कार्यशाला में सभी बच्चों ने अलग-अलग तरीके से पॉटरी बनाना व उसकी बनाने की विधि सीखी।

# मनिपाल अस्पताल, ढाकुरिया में दुर्लभ हृदय रोग पर टईवीएआर सर्जरी की सफलता

संवाददाता ● कोलकाता



पूर्वी भारत के सबसे बड़े हेल्थकेयर नेटवर्क में से एक, मनिपाल अस्पताल, ढाकुरिया ने एक बार फिर चिकित्सा क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया। 72 वर्षीय मधुमेह और उच्च रक्तचाप से पीड़ित श्री रवींद्र कुमार सरकार के शरीर में सफलतापूर्वक टईवीएआर (थोरासिक एंडोवैस्कुलर एन्यूरिज्म रिपेयर) किया गया। इस जटिल सर्जरी को अस्पताल के कार्डियोथोरासिक एंड वैस्कुलर सर्जरी (CTVS) विभाग के प्रमुख डॉ. कौशिक मुखर्जी और सलाहकार वैस्कुलर सर्जन डॉ. शुभब्रत बनर्जी ने मिलकर अंजाम दिया।

सीटी एऑर्टोग्राफी में यह सामने आया कि मरीज की छाती की मुख्य धमनी (एऑर्टा) में एक सूजन या फुलाव (एन्यूरिज्म) है, जो मस्तिष्क और बाहों में रक्त पहुंचाने वाली अहम धमनी के बिल्कुल पास स्थित है। यह एन्यूरिज्म इस तरह दबाव डाल रहा था कि मरीज की स्वर-तंत्रिका प्रभावित हुई, जिससे उनकी आवाज बैठ गई। यह दुर्लभ स्थिति ऑर्टनर सिंड्रोम कहलाती है, जो भारत में केवल 1% से 3% मामलों में देखी जाती है।

ऐसी स्थिति में टईवीएआर ही सबसे सुरक्षित उपाय था, क्योंकि मरीज की उम्र और अन्य बीमारियों को देखते हुए ओपन हार्ट सर्जरी बहुत जोखिम भरी होती। यह एन्यूरिज्म डिसेंडिंग थोरासिक एऑर्टा में, बाईं सबक्लेवियन आर्टरी के ठीक बाद था – जो शरीर का अत्यंत संवेदनशील हिस्सा माना जाता है। इसके बावजूद सर्जनों ने अत्यंत कुशलता से स्टेंट ग्राफ्ट लगाकर एन्यूरिज्म को सील कर दिया। यह सर्जरी 26 मई 2025 को की गई और मरीज केवल 2 दिन में अस्पताल से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो गए। डॉ. कौशिक मुखर्जी ने कहा, "आवाज़ बैठने जैसी एक मामूली शिकायत से शुरुआत हुई, लेकिन मामला एक जटिल एन्यूरिज्म तक पहुंचा। मरीज के लिए ओपन सर्जरी असंभव थी, इसलिए हमने टईवीएआर को चुना।

### उद्यमिता कार्यक्रमों में 74 छात्र स्नातक हुए

# भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान ने 24 वें कॉन्वोकेशन का आयोजन किया

संवाददाता ● अहमदाबाद



भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई), अहमदाबाद, जिसे भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय द्वारा 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में मान्यता प्राप्त है, जिसने 30 मई 2025 को अपने अहमदाबाद परिसर में शैक्षणिक कार्यक्रमों के 24वें कॉन्वोकेशन का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. विजय कुमार सारस्वत, सदस्य – नीति आयोग, पूर्व सचिव – डीआरडीओ एवं प्रख्यात वैज्ञानिक शामिल हुए। समारोह में श्री राकेश शर्मा, अध्यक्ष – ईडीआईआई तथा मेनेजिंग डायरेक्टर एवं चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड; डॉ. सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई तथा ईडीआईआई गवर्निंग बोर्ड के सम्मानित सदस्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे, जिनमें शामिल थे – श्री राजेश आर. गांधी, मेनेजिंग डायरेक्टर, वाडीलाल इंडस्ट्रीज लिमिटेड, अहमदाबाद; श्री राहुल भावे, मेनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, आईएफसीआई लिमिटेड, नई दिल्ली तथा श्री पूर्णिमा भार्गव, सीजीएम एवं हेड, लर्निंग एवं एम्प्लॉयी एंगेजमेंट, आईडीबीआई बैंक लिमिटेड।

24वें कॉन्वोकेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट – एंटरप्रेन्योरशिप (PGDM-E), पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट – इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट (PGDM-IEV) तथा फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (FPM) जैसे शैक्षणिक कार्यक्रमों के अंतर्गत 74 विद्यार्थियों को डिप्लोमा और ग्रेजुएशन सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। यह समारोह छात्रों की अकादमिक यात्रा और सफलता का उत्सव है, जो अब विभिन्न उद्योगों एवं संस्थानों में उद्यमिता की भूमिका निभाने के लिए आगे बढ़ रहे हैं। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि को चिह्नित करता है।

इस वर्ष के ग्रेजुएट होने वाले बैच में कुल 74 विद्यार्थी शामिल थे, जिनमें पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट – एंटरप्रेन्योरशिप (PGDM-E) के 64 छात्र, पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन मैनेजमेंट – इनोवेशन, एंटरप्रेन्योरशिप एंड वेंचर डेवलपमेंट (PGDM-IEV) के 8 छात्र एवं फेलो प्रोग्राम इन मैनेजमेंट (FPM) के 2 छात्र देश के 12 विभिन्न राज्यों से हैं। पीजीडीएम-ई के 21 छात्रों ने अपनी 5 वर्षीय परस्पेक्टिव ग्रोथ प्लान को अंतिम रूप दिया है, जबकि इस कार्यक्रम के 43 छात्रों ने डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट (विस्तृत परियोजना रिपोर्ट) तैयार कर ली है।

छात्रों ने छात्र स्टार्ट-अप इनोवेशन पोलीसी से ग्रांट स्वीकृतियां भी प्राप्त कर ली हैं। उनमें कुछ व्यवसायिक डोमेन शामिल हैं: वाणिज्यिक एवं आवासीय उपयोग के लिए छोटे स्तर के पवन टरबाइन विकसित करना; व्यावसायिक जीवन में समय प्रबंधन की चुनौतियों से निपटने हेतु सॉफ्टवेयर तैयार करना; तेज, सुरक्षित और विश्वसनीय ब्लड डिलीवरी प्रणाली बनाना; आवासीय भवनों में डिजिटल लॉकर स्थापित करना, जिससे कूरियर एजेंट सुरक्षित रूप से पार्सल छोड़ सकें और निवासी मोबाइल अलर्ट के जरिए किसी भी समय पार्सल प्राप्त कर सकें; बेहतर अयस्क ग्रेड प्राप्त करने के लिए और बहुमूल्य जल संसाधनों का उपयोग किए बिना शुष्क और व्यवहार्य तरीकों से लौह अयस्क का लाभकारीकरण; विद्युत दक्षता और उपयोगकर्ता सुविधा बढ़ाने वाले इनोवेटिव उत्पाद तैयार करना; और अन्य कई समसामयिक व्यावसायिक अवसरों को पहचान कर उन्हें व्यावहारिक रूप देना।

### बदहाल हो चुके रीजनल पार्क का संचालन करेगी प्राइवेट कंपनी

# 2 करोड़ 25 लाख सालाना लीज पर देने के हो रहे दस्तावेज तैयार

संवाददाता ● इंदौर




**टेंडर**

नगर निगम के लिए सफेद हाथी बन चुके रीजनल पार्क का संचालन जल्द ही प्राइवेट कंपनी करेगी। बताया जाता है कि इसके लिए टेंडर खुल चुके हैं और ऑरेंज इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंपनी ने इसके लिए सर्वाधिक बोली लगाई है। दो बार टेंडर निरस्त होने के बाद तीसरी बार में नगर निगम द्वारा इस कंपनी को रीजनल पार्क 30 वर्ष की लीज पर देने की स्वीकृति दी गई है। कंपनी करीब 2 करोड़ 25 लाख रुपए सालाना निगम को रिलीज का भुगतान करेगी।

जानकारी अनुसार पश्चिम क्षेत्र स्थित रीजनल पार्क को किराए पर देने की लंबे समय से कवायद की जा रही है पूर्ण ग्राम तीन बार टेंडर जारी करने पर निगम को इसमें सफलता प्राप्त हो गई। पार्क के साथ ही कंपनी को लगभग 10 एकड़ खाली पड़ी जमीन पर इमेजेंट पार्क बनाना होगा। वहीं छोटी बड़ी दो होटल रहेंगी। फूड कोर्ट के साथ-साथ कई बच्चों के लिए भी सुविधाएं रहेंगी। इसके लिए कंपनी काम करने जा रही है। पिपलियापाला रीजनल पार्क 80 एकड़ में फैला हुआ है जिसमें तालाब भी शामिल है। इसे करीब तीन करोड़ रुपए लोकधन की लागत से निर्माण कर आईडीए ने नगर निगम को सौंपा था। तभी उक्त पार्क बदहाल हो गया था। अब इसके संचालन से लेकर संधारण आदि का जिम्मा उक्त कंपनी का रहेगा। ऑरेंज इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी इसने इसे 30 साल पर लेने की तैयारी कर ली है। जल्द ही इस ठेकेदार कंपनी से नगर निगम का अनुबंध होने जा रहा है। इसके लिए निगम अधिकारियों के साथ-साथ कंपनी की ओर से भी अधिकारी मौजूद रहेंगे, जहां अनुबंध होगा।

#### निगम के पास नहीं दूसरा विकल्प

बताया जा रहा है कि 2 करोड़ 26 लाख का प्रस्ताव ऑरेंज मेगा स्ट्रक्चर एलएलपी कंपनी द्वारा जो दिया गया था उस अनुसार बेहतर विकल्प दूसरा नहीं था इसलिए नगर निगम इस कंपनी को अब पार्क सौंपने की तैयारी कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि पहले दो बार टेंडर निरस्त हुए थे और तीसरी मर्तबा जो टेंडर आए हैं उसमें इस कंपनी को टेंडर खुला है। इसके साथ अब अनुबंध की तैयारियां की जा रही है और शर्तों के अनुसार अनुबंध होने की संभावना है। इसके बाद रीजनल पार्क का संचालन प्राइवेट कंपनी के हाथों में चला जाएगा।

## शॉट न्यूज

### चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में छात्रा फिसली, मौत

**इंदौर**। बीती रात रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 4 पर चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश के दौरान छिंदवाड़ा की एक छात्रा अचानक फिसल कर गिर पड़ी। ट्रेन व प्लेटफॉर्म के बीच फंसने से छात्रा की मौत हो गई। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। रेलवे पुलिस के मुताबिक मृतका का नाम गुंजन (21) निवासी छिंदवाड़ा बताया गया है। हादसा कल रात प्लेटफॉर्म नंबर 4 पर हुआ। वह अपनी एक सहेली के साथ इंदौर-जबलपुर ट्रेन से सिवनी जा रही थी। जैसे ही ट्रेन चलने लगी तो सहेली चलती ट्रेन में चढ़ गई, लेकिन गुंजन ने उसका हाथ पकड़कर चढ़ने की कोशिश की तो इसी दौरान उसका पैर फिसला और वह नीचे जा गिरी। वह ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच फंस गई थी। शोर मचने पर तत्काल मौके पर मौजूद लोगों ने ट्रेन को रुकवाया और गंभी गुंजन को बाहर निकाला। उसे तुरंत अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों नेसे मृत घोषित कर दिया। रेलवे पुलिस के मुताबिक जानकारी मिली है कि गुंजन इंदौर में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी।

### पत्नी और बेटे से मिलने आए दामाद को बेरहमी से पीटा

**इंदौर**। हीरानगर इलाके में दामाद के साथ बेरहमी से मारपीट की घटना सामने आई हैं। पुलिस ने पत्नी,ससुर और साले के खिलाफ केस दर्ज किया है। घटना हीरानगर थाना क्षेत्र के अभिनंदन नगर सुखलिया में हुई। जबलपुर के अवधपुरी कॉलोनी में रहने वाले रवि पिता उमाशंकर ने पुलिस को दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मेरी शादी शिवाली केथवास से 28 नवंबर 20 23 को हुई थी।कुछ समय बाद शिवाली अपने बेटे को लेकर जबलपुर से इंदौर माता-पिता के घर आ गई। शिवाली ने कहा कि मुझे जबलपुर में नहीं रहना है। मैंने उसे मनाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं मानी। रवि के मुताबिक में अपने बेटे और पत्नी से मिलने ससुराल पहुंचा तो ससुर अशोक कुमार ,साला पीयूष ने मिलकर मारपीट की और धक्का दिया जिससे मेरे सिर में गंभीर चोट आई। पत्नी शिवाली ने भी मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। हीरानगर पुलिस ने सभी के खिलाफ केस दर्ज किया है।

### विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था ने किया प्रदर्शन

**इंदौर**। सनातन धर्म और संस्कृति को अपमानित कर, लवजिहाद के नाम से हिन्दू युवतियों-महिलाओं के धर्म परिवर्तन कारवाकर उनका दैहिक शोषण करना और हिंदुओं का धर्म परिवर्तन करवा, मुख्य रूप से स्कूल और कॉलेज की बेटियों को निशाने पर रखे जाने के विरोध में विप्र नारी शक्ति सेवा संस्था द्वारा राजबाड़ा चौक में प्रदर्शन किया गया। संस्थापिका प्रमिला कैलाश शर्मा ने बताया कि 5 वर्ष से लेकर 60 साल की महिला तक कोई भी सुरक्षित नहीं है। ऐसे लोगों पर कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। पूनम शर्मा, सुषमा दुबे, मणिमाला शर्मा मोनिका दुबे, ज्योति शर्मा, सुधा शर्मा, रेखा शर्मा, रेखा जोशी, अनूजा पुरोहित, नूतन नम्रता इंदिरा शर्मा, नेहा शर्मा, लक्ष्मी जोशी, अनीता दुबे, नीतू मिश्रा, कल्पना पांडे, पूजा शर्मा, किरण शर्मा, ललिता शर्मा, सपना शर्मा, कविता दुबे और अन्य मौजूद रहे।

### सरकार की योजनाओं का भी लोगों तक पहुंचे लाभ

# दूध उत्पादन को 20% बढ़ाने की हो प्राथमिकता : वर्णवाल



संवाददाता ● इंदौर

**योजना**

प्रदेश के कृषि उत्पादन आयुक्त अशोक वर्णवाल ने कहा है कि मध्यप्रदेश में दुग्ध उत्पादन को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया जाएगा। वर्तमान में प्रदेश देश के कुल दुग्ध उत्पादन का लगभग 9 प्रतिशत योगदान देता है, जिसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने-अपने जिलों में समुचित कार्य योजना बनाकर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए गए हैं। वर्णवाल आज इंदौर में आयोजित संभागीय समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस बैठक में उन्होंने पशुपालन, पशु चिकित्सा, डेयरी विकास, मछुआ कल्याण तथा मत्स्य पालन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं, कार्यक्रमों और गतिविधियों की विस्तार से समीक्षा की। बैठक में प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेरी विकास उमाकांत उमराव, संभागायुक्त दीपक सिंह, इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह सहित संभाग के सभी जिलों के कलेक्टर्स, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

कृषि उत्पादन आयुक्त वर्णवाल ने पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की समीक्षा करते हुए निर्देश दिये कि गौ पालन को प्रोत्साहित किया जाए। अच्छी गौ-शालाएं संचालित करने वालों को शासकीय योजनाओं और सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ दिया जाए। दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा मिले ऐसे प्रयास सभी कलेक्टर अपने-अपने जिलों में प्राथमिकता से करें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि दुग्ध उत्पादन हर हाल में बढ़े, इसके लिए राज्य शासन द्वारा विशेष योजनाएं और कार्यक्रम शुरू किये गये हैं। उन्होंने पशुओं की नस्ल सुधार पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रम का प्रभावी और परिणामूलक क्रियान्वयन हो। मुर्गी पालन एवं बकरी पालन की गतिविधियों से अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ा जाये। इसके लिये समस्त जिला पंचायत सीईओ विशेष रूप से प्रयास करें। उन्होंने निर्देश दिये कि दुग्ध सहकारी समितियों के माध्यम से दुग्ध संग्रहण की प्रगति बढ़ाते हुए अधिक से अधिक पशुपालकों को समितियों से जोड़ा जाये।

#### आधुनिक तकनीक और साधनों का हो इस्तेमाल

वर्णवाल ने कहा कि मत्स्य उत्पादन में भी वृद्धि की व्यापक संभावनाएं हैं। इसके लिए अत्याधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जाना चाहिए ताकि उत्पादन को आर्थिक रुप से लाभप्रद बनाया जा सके। उन्होंने मत्स्य पालन के क्षेत्र में नवाचार और आधुनिक पद्धतियों को अपनाने पर बल दिया। मत्स्य पालन की नवीन पद्धतियों को बढ़ावा देने के निर्देश देते हुए कहा कि केज पद्धति से मत्स्य पालन एक आर्थिक रुप से लाभप्रद गतिविधि के रूप में तेजी से उभर रही है, जिसे व्यापक रुप से अपनाने की आवश्यकता है। वर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केज पद्धति के अंतर्गत जिलेवार लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए। इसके साथ ही बायो फ्लॉक पद्धति को भी प्रोत्साहित किया जाये, जिससे कम स्थान में अधिक उत्पादन संभव हो सके। उन्होंने कहा कि इन आधुनिक तकनीकों से मत्स्यपालन को ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार का प्रभावी माध्यम बनाया जा सकता है। उन्होंने जिला पंचायत के सीईओ एवं मत्स्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़कर योजनाओं का लाभ दिलाएँ। किसान क्रेडिट कार्ड से अधिक से अधिक मत्स्य पालन हितग्राहियों को जोड़कर लाभान्वित किया जाये। समीक्षा बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति, लक्ष्यों की पूर्ति और आने वाली चुनौतियों की जानकारी दी। वर्णवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे जमीनी स्तर पर योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें ताकि प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके।

### कोरोना के सात नए मरीज

**इंदौर**। शहर में कोरोना मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बुधवार को सात नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले हैं। ये सभी इंदौर के हैं। इन सभी को होम आइसोलेट किया गया है। इनमें से पांच की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। इंदौर में अब तक कुल कोरोना संख्या 31 हो गई है। इंदौर में इस साल कोरोना 24 मरीज मिले हैं जबकि 7 अन्य जिलों से हैं। वर्तमान में अब एक्टिव केसों की संख्या 14 हो गई है। इनमें से अधिकांश में केवल खांसी और जुकाम जैसे हल्के लक्षण ही दिखाई दे रहे थे। बुधवार को जो 7 नए मरीज मिले हैं उनमें 43 वर्षीय महिला की मथुरा, 69 वर्षीय महिला की केरल, 29 वर्षीय युवक की उड़ीसा, 48 वर्षीय महिला की बद्रीनाथ और 36 वर्षीय महिला की रायपुर की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। दो अन्य मरीज 45 और 36 वर्षीय पुरुष हैं। उनकी ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है।

### नर्मदा पाइप लाइन कार्य से चिमनबाग में गहराया जलसंकट



संवाददाता ● इंदौर

शहर के चिमनबाग (सबनीस बाग) क्षेत्र में नर्मदा पानी लाइन बिछाने के चल रहे कार्य ने स्थानीय निवासियों के लिए गहरा जल संकट पैदा कर दिया है। पिछले कई दिनों से अनियमित और बाधित जल आपूर्ति के कारण यहां के बाशिंदे, विशेषकर बोर्ड ऑफिस स्पोर्ट्स ग्राउंड के आस-पास रहने वाले परिवार, बूंद-बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि पाइपलाइन के काम के नाम पर पानी की आपूर्ति पूरी तरह से अव्यवस्थित हो गई है। निर्धारित समय पर पानी नहीं मिल रहा, जिससे दैनिक घरेलू कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पानी की किल्लत के कारण लोगों को दूर से पानी लाने या टैंकरों पर निर्भर रहने को मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उनकी परेशानी और बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग (पीएचईडी) इंदौर नगर निगम से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने आग्रह किया है कि पानी की आपूर्ति को जल्द से जल्द सामान्य किया जाए और जब तक पाइपलाइन का काम पूरा नहीं होता, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि निवासियों को इस गंभीर समस्या से राहत मिल सके।

# हर पौधा बने पेड़, शहर का हर व्यक्ति बने उसका प्रहरी

संवाददाता ● इंदौर



"हर पौधा बने पेड़, पर्यावरण संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी" इसी संकल्प के साथ विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर अभ्यास मंडल द्वारा एक प्रेरणास्पद पहल के अंतर्गत पंचवटी वृक्षों का सामूहिक रोपण कान्ह सरस्वती नदी लोखंडे ब्रिज पर किया गया। वार्ड 57 के पार्षद सुरेश टाकलकर, अभ्यास मंडल के स्वप्निल व्यास ने बताया कि आयोजन का उद्देश्य केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं बल्कि शहर के आम नागरिक की भागीदारी को प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व से जोड़ना है। अभ्यास मंडल मात्र पर्यावरण दिवस के अवसर पर ही नही बल्कि वर्षभर समय-समय पर पेड़, पानी, प्लास्टिक, शहर की आबो-हवा में घुलते प्रदूषण के जहर के खिलाफ जमीनी एवं वैचारिक कार्रवाई करता है। आज जब विश्व जलवायु संकट, प्रदूषण और जैव विविधता ह्रास जैसे संकटों से जूझ रहा है, ऐसे में इस तरह की स्थानीय पहलें नई उम्मीद जगाती हैं। अभ्यास मंडल ने यह दिखाया कि बड़े परिवर्तन केवल सरकारों या संस्थानों से नहीं, बल्कि हर जागरूक नागरिक से शुरू हो सकते हैं। विश्व पर्यावरण दिवस के निमित यह आयोजन एक पुकार है कि हर नागरिक यह स्वीकार करेः 'धरती हमारी माता है, और उसका संरक्षण हमारा धर्म।' कार्यक्रम में पंचवटी वृक्षों वट, पीपल, आंवला, अशोक, बेल के अलावा नीम पौधारोपण के बाद ट्रीगार्ड भी लगाए। संचालन वैशाली खरे ने किया। रामेश्वर गुप्ता, शंकर गर्ग, नेताजी मोहिते, मालासिंह ठाकुर, शफी शेख, सुधीर दांडेकर, दिनेश शिन्त्रे, उल्हास बापट, अनिल मोड़क, शाम पांडे, मुरली खंडेलवाल, फादर लकारा, दीप्ति गौर, मोनिका सबनीस, ग्रीष्मा त्रिवेदी, यश जायसवाल, संजना चौधरी, सोनाली बापट आदी उपस्थित थे।

# पालदा की समस्या दूर करने पहुंचे निगमायुक्त

संवाददाता ● इंदौर



निगमायुक्त शिवम वर्मा द्वारा आज औद्योगिक क्षेत्र पालदा में औद्योगिक संगठन के पदाधिकारियो के साथ ही क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर अपर आयुक्त अभय राजनगांवकर, कार्यपालन यंत्री विवेश जैन, अधीक्षण यंत्री डीआर लोधी, क्षेत्रीय झोनल अधिकारी सहित औद्योगिक क्षेत्र पालदा के संगठन पदाधिकारी व अन्य उपस्थित थे। आयुक्त शिवम वर्मा द्वारा पालदा के औद्योगिक क्षेत्र का सगठन के पदाधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के दौरान पुरे क्षेत्र में आगामी 10 दिन तक विशेष सफाई अभियान चलाने तथा संपूर्ण क्षेत्र की सीवरेज लाईन की सफाई करने निर्देश दिए। क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान कचरा सेग्रिगेशन के संबंध में भी क्षेत्रीय औद्योगिक व्यापारियों को अपने-अपने संस्थान में कचरा सेग्रिगेशन करने व अलग-अलग कचरा रखने के संबंध में चर्चा की गई, साथ ही क्षेत्र में यातायात के सुचारू आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए, जनभागीदारी के माध्यम से सड़क निर्माण के लिए प्रस्ताव तैयार करने तथा सड़क निर्माण के पूर्व ही स्टार्म वाटर लाइन अनिवार्य रूप से डालने के लिए योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही आयुक्त वर्मा द्वारा क्षेत्र के निरीक्षण के दौरान पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था नहीं होने के संबंध में क्षेत्रीय व्यापारियों द्वारा बताया गया जिस पर आयुक्त वर्मा द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारी को क्षेत्र में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था कराने के निर्देश दिए गए।

### जल गंगा संवर्धन अभियान को लेकर निगमायुक्त ने स्मार्ट सिटी में ली समीक्षा बैठक

# रेनवॉटर हार्वेस्टिंग लगाकर बढ़ाएं भूमिगत जलस्तर : वर्मा

संवाददाता ● इंदौर



**पहल**

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए आयुक्त शिवम वर्मा ने स्मार्ट सिटी कार्यालय में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक ली। इस बैठक में अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा, नगर निगम के समस्त जोनल अधिकारी, नर्मदा परियोजना से जुड़े सहायक यंत्री एवं अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान आयुक्त वर्मा द्वारा झोनवार रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की प्रगति की समीक्षा की गई। उन्होंने निर्देशित किया कि शहर में अधिक से अधिक घरों, कार्यालयों एवं संस्थानों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित किए जाएं। उन्होंने समस्त झोनल अधिकारियों, भवन निरीक्षकों और नर्मदा प्रोजेक्ट विंग के अभियंताओं को अभियान को गंभीरता से लेते हुए समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

निगमायुक्त वर्मा ने यह भी निर्देश दिए कि आगामी अति वर्षा की स्थिति को ध्यान में रखते हुए जल जमाव वाले क्षेत्रों की पहचान कर वहां रिचार्ज शाफ्ट का निर्माण किया जाए ताकि वर्षा जल को फ़िल्टर के माध्यम से भूमि में पुनर्भरण किया जा सके। इसके साथ ही उन्होंने सीएसआर कंपनियों को भी इस अभियान में भागीदार बनाते हुए रिचार्ज शाफ्ट निर्माण एवं रेन वाटर हार्वेस्टिंग फिल्टर की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान आयुक्त ने जल संरक्षण कार्यों की समीक्षा करते हुए कार्य संतोषजनक नहीं पाए जाने पर जोन क्रमांक 9 और झोन क्रमांक 14 के झोनल अधिकारियों का 3 दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए।

# 'दुनिया की छत' पर चीन की हरकतें सबके लिए खतरनाक

तिब्बत के पठार पर विशाल ग्लेशियल-रिजर्व्स हैं, जो दुनिया में ताजे पानी के सबसे बड़े भंडारों में से एक हैं। यह दस प्रमुख एशियाई नदी-प्रणालियों का उद्गम भी है- जिनमें चीन की येलो और यांग्त्से, दक्षिण-पूर्व एशिया की मेकांग, साल्विन और इरावदी और भारत की सिंधु और ब्रह्मपुत्र नदियां शामिल हैं। ये वैश्विक आबादी के लगभग 20% हिस्से को पानी की आपूर्ति करती हैं। लेकिन आज यही पठार एक आसन्न पर्यावरणीय संकट का साक्षी बन रहा है, जो पूरे एशियाई महाद्वीप की जल सुरक्षा, पारिस्थितिक संतुलन और भू-राजनीतिक स्थिरता को खतरे में डाल सकता है।

पिछले दो दशकों से चीन तिब्बती पठार पर केंद्रित एक आक्रामक बांध निर्माण अभियान में लगा हुआ है। चीन की सरकार ने इसके निचले हिस्से के किसी भी देश के साथ जल-साझाकरण संधि पर बातचीत करने से इनकार कर दिया है। इससे इन देशों को चीन की सनक के परिणाम भुगतने होंगे। पठार की सीमा के पास चीन द्वारा निर्मित भीमकाय-बांधों ने पहले ही मेकांग नदी में पानी के स्तर को अभूतपूर्व रूप से कम कर दिया है, जिसका कंबोडिया, लाओस, थाईलैंड और वियतनाम में मत्स्य-पालन और आजीविका पर विनाशकारी प्रभाव पड़ा है। जैसे-जैसे दक्षिणी वियतनाम में मेकांग डेल्टा पीछे हट रहा है, चावल के किसानों को पारंपरिक आजीविका छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। फिर भी चीन की बांध बनाने की महत्वाकांक्षाएं बढ़ती जा रही हैं। यांग्त्से नदी पर बना थ्री गॉर्जेस डैम दुनिया का सबसे बड़ा बांध है।

लेकिन वह भी चीन द्वारा तिब्बती पठार के भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी (उसे वहां यारलुंग जंगबो कहा जाता है) पर बनाए जा रहे बांध के सामने बौना साबित होगा। अगर यह परियोजना पूरी हो जाती है, तो इससे भारत और बांग्लादेश में पानी के प्रवाह में भारी बदलाव आएगा, क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा और पारिस्थितिक संतुलन को खतरा होगा और निचले इलाकों के देशों पर चीन का भू-राजनीतिक प्रभाव बढ़ेगा। पानी के हथियारीकरण का खतरा मंडरा रहा है।

**दरअसल, पानी तेजी से नया तेल बनता जा रहा है- यानी ऐसा रणनीतिक संसाधन, जो संघर्षों को बढ़ावा दे सकता है। देशों के भीतर और उनके बीच पानी के विवाद पहले ही तेज होते जा रहे हैं। चीन की नजर तिब्बत की खनिज-समृद्ध भूमि- जिसमें लीथियम, सोना, तांबा जैसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं- पर भी है। वह वहां पर जंगलों की कटाई कर रहा है और विषाक्त उत्सर्जन में योगदान दे रहा है। उसकी ये तमाम गतिविधियां तिब्बती पठार के सैन्यीकरण के लिए कवर प्रदान कर रही हैं। चीन वहां पर जो विनाश-लीला कर रहा है, उसके पूरे ब्योरे जानना असंभव है।**

दरअसल, पानी तेजी से नया तेल बनता जा रहा है- यानी ऐसा रणनीतिक संसाधन, जो संघर्षों को बढ़ावा दे सकता है। देशों के भीतर और उनके बीच पानी के विवाद पहले ही तेज होते जा रहे हैं। चीन की नजर तिब्बत की खनिज-समृद्ध भूमि- जिसमें लीथियम, सोना, तांबा जैसे महत्वपूर्ण संसाधन हैं- पर भी है। वह वहां पर जंगलों की कटाई कर रहा है और विषाक्त उत्सर्जन में योगदान दे रहा है। उसकी ये तमाम गतिविधियां तिब्बती पठार के सैन्यीकरण के लिए कवर प्रदान कर रही हैं। चीन वहां पर जो विनाश-लीला कर रहा है, उसके पूरे ब्योरे जानना असंभव है। यह क्षेत्र अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों की नजरों से बहुत दूर है, और स्थानीय तिब्बती समुदायों की आवाजों को दबा दिया जाता है। इस सबसे वहां का पारिस्थितिक तंत्र लगातार कमजोर होता जा रहा है। तिब्बती पठार वैश्विक औसत से दोगुनी गति से गर्म हो रहा है और उसकी बर्फ ध्रुवों की तुलना में तेजी से पिघल रही है। सके दूरगामी निहितार्थ हैं। तिब्बती पठार एशियाई जलवायु, मौसम और मानसून के पैटर्न को गहराई से प्रभावित करता है। इसका क्षरण सूखे और बाढ़ को बढ़ाएगा, जैव विविधता के नुकसान को बढ़ाएगा, कृषि के पतन में योगदान देगा और एशिया और उसके बाहर बड़े पैमाने पर पलायन को बढ़ावा देगा।इन तमाम जोखिमों के बावजूद वैश्विक जलवायु मंचों से लेकर संयुक्त राष्ट्र और विश्व बैंक जैसी बहुपक्षीय संस्थाओं तक- अंतरराष्ट्रीय समुदाय तिब्बत को लेकर पूरी तरह से चुप है। इसका कारण अज्ञानता नहीं, बल्कि डर है। क्योंकि चीन अपने प्रभाव का इस्तेमाल ह्युदुनिया की छतह्ल पर अपनी गतिविधियों की सार्थक आलोचना को दबाने के लिए करता है। जबकि दुनिया के देशों को तिब्बती पठार पर चीन की गतिविधियों के बारे में पारदर्शिता के लिए लगातार दबाव डालना चाहिए।

## संत वचन

एंटिओक के सेंट इग्नाटियस प्रेरितों के शुरूआती उत्तराधिकारियों में से एक थे और प्रेरितों के महान मिशनरी कार्यों के समय में ईसाई धर्म में परिवर्तित हो गए थे, जो चर्च की स्थापना कर रहे थे और दुनिया भर में कई लोगों को खुशखबरी फैला रहे थे। चर्च के इतिहास और परंपरा के अनुसार एंटिओक के सेंट इग्नाटियस सेंट जॉन द एपोस्टल के शिष्य थे, और इसलिए प्रेरितों के बारे में सीधे जानते थे और उनसे सच्चाई प्राप्त की, जिसे उन्होंने खुद सबसे अधिक ईमानदारी से कायम रखा और अपने मंत्रालय में प्रचार करना जारी रखा। फिर आज हमारे सुसमाचार के अंश में, हमने सुसमाचार के संत लूका के सुसमाचार से वर्णन की निरंतरता सुनी, जहाँ प्रभु ने फरीसियों और व्यवस्था के शिक्षकों को उनके कार्यों और ईश्वर और उनके उद्धारकर्ता में उनके विश्वास की कमी के ...
लिए फटकारना और आलोचना करना जारी रखा। इन सभी में संदर्भ को इस तरह से समझा जाना चाहिए

# अपमान को गर्व में कैसे बदल सकते हैं ?

जाकर पूछो, मैं दावा करता हूं अगर वो ह्यमम्माज बॉयह्ल बाहर जाने के लिए हां कह देह्ल कॉलेज कैंपस के पास सड़क किनारे चलते हुए मैंने दो लोगों की ये बातचीत सुनी, जहां वे एक युवा की ओर इशारा करते हुए उसके नाम से उसका विवरण समझा रहे थे। वे लोग उसे ताना मार रहे थे (कह सकते हैं कि उसका अपमान कर रहे थे) कि पोस्ट ग्रेजुएट होने के बाद भी वो अपनी मां की मर्जी के बिना एक इंच भी नहीं हिलेगा। वो भी ज्यादा दूर नहीं था कि कमेंट सुनाई न दे। पर वो वहां से हिला नहीं। उसने ऑटोरिक्शा रुकवाया और चला गया। और फिर खिल्ली उड़ा रहे युवकों में से एक ने कहा, ह्यदेखा?

इससे मुझे एक अमेरिकी शो ह्लजियोपार्डीह्ल के हालिया एपिसोड की याद आ गई। यह क्विज प्रोग्राम कौन बनेगा करोड़पति की तर्ज पर खेला जाता है, जहां इसके होस्ट केन जेनिंग्स प्रतिभागियों का परिचय कुछ इसी तरह इंसल्ट करते हुए देते हैं। असल में एपिसोड शुरू होने से पहले प्रतिभागी खुद होस्ट से ऐसा करने का आग्रह करते हैं। केन ने 27 वर्षीय ब्रेंडन लिया का परिचय ह्यरीसेंट ग्रेजुएट एंड स्टे-एट-होम सनह्ल के तौर पर दिया। ह्यस्टे-एट-होम सनह्ल, साल 2007 में डिक्शनरी में अपमानस्वरूप शब्द के रूप में जुड़ा, जिसका मतलब होता है, बिना मोटिवेशन के घर पर रहने वाला बच्चा। ब्रेंडन ने शुरूआत से जियोपार्डी शो को उसी तरह देखा, जैसे बाकी कॉलेज जाने वाले बच्चे देखते थे। चूंकि ब्रेंडन को सभी सवालों के जवाब पता होते थे, इसलिए उसने लक्ष्य बनाया कि वह शो पर जाएगा और रकम जीत लेगा। इसमें शामिल होने के इच्छुक प्रतिभागियों को 50 प्रश्नों के साथ एक ऑनलाइन टेस्ट देना होता है। पास होने पर 50 प्रश्नों का एक और ऑनलाइन टेस्ट होता है, फिर ऑडिशन होता है।

**एडिट.नोट**

इसके बाद दूसरे संभावित प्रतिभागियों के साथ मॉक गेम होते हैं और इसके बाद प्रोड्यूसर्स के पास उन प्रतिभागियों को फोन करने और शो पर बुलाने के लिए 18 महीने का समय होता है। ब्रेंडन ने 2018 में पहली बार ऑडिशन दिया था। इसके बाद 2021 और फिर 2023 के अंत में। उन्हें चार हफ्ते पहले कॉल आया और उन्होंने इस दौरान बजर के साथ जितना हो सकती थी, उतनी जमकर तैयारी की। पिछले हफ्ते उनका एपिसोड प्रसारित हुआ, जिसमें वह जियोपार्डी के विजेता घोषित किए गए। ब्रेंडन ने राजनीति विज्ञान में मास्टर्स की डिग्री हासिल की है और पिछले हफ्ते प्रसारित तीन कॉन्टेस्ट में 59,398 डॉलर (51 लाख रु.) जीते, जहां उसने अपने ज्ञान का प्रदर्शन करते हुए मध्य काल के इतिहास से लेकर पॉप म्यूजिक तक के सवालों के सही जवाब दिए। खुद का उपहास करने वाले उसके हास्य ने उसे सोशल मीडिया पर रातों-रात प्रसिद्ध बना दिया और लोग कह रहे हैं कि वह बहुत हद तक उनके सपने को जी रहा है, भले ही वह बेरोजगार है और अपने माता-पिता के साथ रहता है। अमेरिकी संस्कृति में 18 साल की उम्र के बाद माता-पिता के साथ रहना अप्रत्यक्ष रूप से अपमान माना जाता है, जो यह दशार्ता है कि वह खुद के पैरों पर खड़ा नहीं हो सकता।

ब्रेंडन की सबसे अच्छी बात यह है कि उसके बारे में कोई भी नकारात्मक टिप्पणी उसे प्रभावित नहीं करती। उसका मानना है कि उसे जीवन भर पढ़ी गई किताबों, देखे गए टीवी, फिल्मों, समाचारों पर ध्यान देकर अर्जित ज्ञान को भुनाना चाहिए। इससे मुझे मेरे कॉलेज के दिनों की भी याद आ गई। कॉलेज में लोग मुझे ह्लअन्नाह्ल कहकर बुलाते थे। कई दिनों तक मैं गुस्से में रहता था। जो लड़के मुझे चिढ़ाते थे, वे दक्षिण के नहीं थे और उस समय यह शब्द ह्यमद्रासीह्ल का पर्याय था। मेरी मां ने एक बार कहा, जब भी तुम ह्यअन्नाह्ल सुनो, गर्व महसूस करो और उस व्यक्ति से कहो ह्लहां बोलो थंबीह्ल (अन्ना का मतलब बड़ा भाई और थंबी का मतलब छोटा भाई होता है)। जब मुझे मेरी पहली नौकरी मिली और मैंने मुंबई में तत्कालीन प्रधानमंत्री का इंटरव्यू लिया, तो उसी ह्यअन्नाह्ल शब्द की टोन सम्मानजनक हो गई और मेरे नाम में गर्व जोड़ दिया।

**राजदीप सरदेसाई - लेखक**

# विदेश में एकता लेकिन देश में मतभेदों का दृश्य क्यों है?

असदुद्दीन ओवैसी को ह्यराष्ट्रवादीह्ल होने का प्रमाण-पत्र देने के लिए पाकिस्तान के खिलाफ 87 घंटे लंबे सैन्य-अभियान की जरूरत पड़ी। इससे पहले कई सालों से उनकी राजनीति को ह्यराष्ट्र-विरोधीह्ल बताकर बदनाम किया जा रहा था। अपनी अलग धार्मिक पहचान को शेरवानी की तरह पहनने के चलते वे उन लोगों की आंख में खटकते थे, जिनकी राजनीति भारतीय मुसलमानों के ह्यअन्यीकरणह्ल के इर्द-गिर्द घूमती है। लेकिन आज वही ओवैसी वैश्विक मंचों पर पाकिस्तान-प्रायोजित आतंकवाद पर भारत के स्टैंड को आक्रामक तरीके से उठाने के लिए ह्यदेशभक्तह्ल के रूप में सम्मानित हो रहे हैं। जबकि सच्चाई यह है कि हैदराबाद के इस मुखर-सांसद की राजनीति में कोई बदलाव नहीं आया है। उन्होंने पहले भी कई मौकों पर पाकिस्तान और उसके ह्यदो राष्ट्रह्ल के सिद्धांत का विरोध किया है।

पश्चिम बंगाल में गृह मंत्री शाह की हालिया टिप्पणियों को भी देखें, जिसमें उन्होंने ममता सरकार पर ऑपरेशन सिंदूर को लेकर ह्यवोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। जबकि अधिकांश विपक्षी दलों की तरह टीएमसी भी पाकिस्तान से युद्ध में सरकार का समर्थन करती रही है। जब शाह कोलकाता में भाजपा कार्यकताओं को संबोधित कर रहे थे, तब टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी पूर्वी एशिया में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल के सदस्य के रूप में पाकिस्तान के मिलिट्री-स्टेट के खिलाफ प्रखर भाषण दे रहे थे। लेकिन बंगाल में चुनाव होने में एक साल से भी कम समय है और यह भाषण चुनावी बिगुल बजाने के लिए था। भारत की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस की बदहाली पर भी नजर डालें। पहलगाम हमले के तुरंत बाद पार्टी ने घोषणा की थी कि वह राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए मोदी सरकार द्वारा उठाए गए किसी भी कदम का समर्थन करेगी। और इसके बावजूद जब शशि थरूर ऑपरेशन सिंदूर का समर्थन करते हैं तो केरल के स्थानीय कांग्रेस नेता उन्हें भाजपा के ह्यसुपर-प्रवक्ताह्ल के रूप में ब्रांड कर देते हैं। वाशिंगटन डीसी में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए थरूर ने इस आरोप का भी खंडन किया कि ट्रम्प ने भारत को युद्ध विराम के लिए सहमत होने पर मजबूर किया था।

जबकि भोपाल में पार्टी की एक रैली में राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री पर व्हाइट हाउस के सामने ह्यसरेंडरह्ल करने का आरोप लगा दिया। इस सबसे कांग्रेस की आतंरिक विचार-प्रक्रिया में निहित भ्रम ही खुलकर उजागर हुआ है। ऐसे अंतर्विरोधों से भरे राजनीतिक माहौल को कैसे समझें, जो विदेशी धरती पर तो भारत के लिए मजबूती से लड़ रहा है, लेकिन घर में एक-दूसरे पर बिना किसी सामंजस्य या शिष्टाचार के हमले करता है? ऐसी संस्थागत कमजोरी से लोकतांत्रिक जवाबदेही सुनिश्चित करना मुश्किल होता जा रहा है। संसद की संस्था का ही उदाहरण लें, जिसे पिछले एक दशक में सत्ताधारी पार्टी ने नोटिस-बोर्ड तक सीमित कर दिया है। सरकार के कानून निमार्ताओं ने विपक्ष के साथ महत्वपूर्ण मुद्दों पर सार्थक बातचीत करने की बहुत कम या बिल्कुल भी कोशिश नहीं की है। विधेयकों को जबरन पास कर किया जाता है, चचाओं को बीच में ही रोक दिया जाता है, विवादास्पद मुद्दों को खारिज कर दिया जाता है। जब चीनी घुसपैठ पर बहस की मांग की जाती है, तो उसे तुरंत निरस्त कर दिया जाता है। जब ऑपरेशन सिंदूर पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक बुलाई जाती है, तो प्रधानमंत्री उसमें शामिल ही नहीं होते। जब पहलगाम के बाद विशेष सत्र की मांग की जाती है, तो सरकार इस मांग को नजरअंदाज कर देती है। इन तमाम बातों से लोकतंत्र ही कमजोर होता है।इसमें मीडिया की भूमिका पर भी नजर रखी जानी चाहिए। जब मीडिया सरकार का प्रवक्ता बन जाता है, तो लोक-विमर्श समानतापूर्ण नहीं रह जाता। ऑपरेशन सिंदूर पर भी सरकार से असुविधाजनक सवाल उठाने की बहुत कम या बिलकुल भी कोशिश नहीं की गई, जबकि नियमित रूप से राज्यसत्ता के प्रचार को बढ़ावा दिया गया। क्या यह आश्चर्य की बात है कि सीडीएस की स्वीकारोक्ति भी सिंगापुर में विदेशी मीडिया नेटवर्क के समक्ष थी, न कि घरेलू दर्शकों के सामने? आखिर जनता को जानने का अधिकार है, गलत सूचनाओं की अंधेरी सुरंग में रखे जाने का नहीं। पुनश्च : सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल में शामिल एक विपक्षी सांसद ने मुझसे चर्चा में बताया कि उन्हें अपनी साथी भाजपा सांसद ह्यअच्छी व्यक्ति लगीं।

## बिजनेस

# राफेल फाइटर जेट की बॉडी भारत में बनेगी टाटा ग्रुप का डसॉल्ट एविएशन के साथ समझौता

**नई दिल्ली।** राफेल फाइटर जेट की मेन बॉडी अब हैदराबाद में बनेगी। इसे फ्यूजलाज कहा जाता है। भारत की टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (ळअरछ) ने इसके लिए फ्रांस की कंपनी डसॉल्ट एविएशन के साथ चार प्रोडक्शन ट्रांसफर एग्रीमेंट साइन किए हैं। राफेल की पहली फ्यूजलाज यूनिट 2028 में असेंबली लाइन से बाहर आएगी। हैदराबाद में बनाए जा रहे मैन्युफैक्चरिंग प्लांट से हर महीने दो पूरी मेन बॉडी तैयार होने की उम्मीद है। टाटा और डसॉल्ट की ये साझेदारी भारत के रक्षा क्षेत्र में निजी कंपनियों की भागीदारी को बढ़ाएगी।

डसॉल्ट ने कहा कि ये प्रोजेक्ट भारत और फ्रांस के बीच रक्षा सहयोग का एक बड़ा कदम है। इससे भारत में रक्षा उपकरण बनाने की क्षमता बढ़ेगी और स्थानीय इंजीनियर्स को विश्व स्तरीय तकनीक सीखने का मौका मिलेगा। ये पहली बार होगा जब राफेल की मेन बॉडी फ्रांस के बाहर बनेगी।टाटा ग्रुप पहले से ही डसॉल्ट के साथ मिलकर राफेल और मिराज 2000 जैसे विमानों के पुर्जे बनाता है। टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स के उएड सुकरन सिंह ने कहा, ह्लये साझेदारी भारत के हवाई जहाज बनाने के सफर में एक बड़ा कदम है।

भारत में राफेल की पूरी मेन बॉडी बनाना दिखाता है कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स की काबिलियत पर कितना भरोसा बढ़ रहा है और डसॉल्ट एविएशन के साथ हमारा रिश्ता कितना मजबूत है। ये इस बात का भी सबूत है कि भारत ने एक आधुनिक और मजबूत एयरोस्पेस मैन्युफैक्चरिंग सिस्टम तैयार करने में जबरदस्त तरक्की की है, जो दुनिया के बड़े प्लेटफॉर्म्स को सपोर्ट कर सकता है। एयरक्राफ्ट फ्यूजलाज हवाई जहाज का मुख्य ढांचा या शरीर होता है, जो विमान का सबसे बड़ा और अहम हिस्सा है। आसान भाषा में कहें तो ये हवाई जहाज का वो हिस्सा है, जिसमें बाकी सारे हिस्से (जैसे पंख, पूंछ, इंजन) जोड़े जाते हैं। ये विमान को उसका आकार देता है और बाकी हिस्सों को एक साथ जोड़कर रखता है। सुपरसोनिक फाइटर जेट का फ्यूजलाज पतला और चिकना होता है, ताकि तेज रफ्तार से उड़ते वक्त हवा का रेजिस्टेंस कम हो। वहीं, एक एयरलाइनर यानी, यात्री विमान का फ्यूजलाज ज्यादा चौड़ा होता है, क्योंकि इसमें ज्यादा से ज्यादा यात्रियों को ले जाना होता है। फाइटर जेट में कॉकपिट फ्यूजलाज के ऊपरी हिस्से पर होता है।

हथियार पंखों पर लगे होते हैं और इंजन व ईंधन फ्यूजलाज के पीछे के हिस्से में रखे जाते हैं। वहीं एयरलाइनर में पायलट फ्यूजलाज के सबसे आगे कॉकपिट में बैठते हैं। यात्री और सामान फ्यूजलाज के पीछे के हिस्से में होते हैं और ईंधन पंखों में स्टोर किया जाता है।

राफेल के फ्यूजलाज का करीब 40% हिस्सा कार्बन फाइबर कम्पोजिट से बनता है। ये मटेरियल हल्का और बहुत मजबूत होता है, जिससे जेट का वजन कम रहता है और रफ्तार बढ़ती है। कुछ खास हिस्सों, जैसे इंजन के आसपास और ज्यादा तनाव वाले एरिया में टाइटेनियम का इस्तेमाल होता है। ये गर्मी और दबाव को झेल सकता है। वहीं फ्यूजलाज के कुछ हिस्सों में एल्यूमीनियम-लिथियम मिश्र धातु यूज होती है, जो हल्की और मजबूत होती है। छोटे-छोटे हिस्सों और जोड़ों में हाई-स्ट्रेंथ स्टील का इस्तेमाल होता है, ताकि ढांचा मजबूत रहे। फाइटर जेट के फ्यूजलाज को हल्का, मजबूत और एयरोडायनामिक बनाना जरूरी है, ताकि हवा का रेजिस्टेंस कम हो।

डसॉल्ट एविएशन एक फ्रांसीसी कंपनी है, जो रक्षा और एयरोस्पेस के क्षेत्र में काम करती है। इसकी स्थापना 1929 में हुई थी और इसका मुख्यालय सेंट-क्लाउड, फ्रांस में है। ये कंपनी राफेल और मिराज 2000 जैसे फाइटर जेट्स, फाल्कन बिजनेस जेट्स और ड्रोन बनाती है।

डसॉल्ट भारत के साथ 2016 से 36 राफेल जेट्स की डील और 2025 में 26 राफेल मरीन जेट्स की डील के जरिए जुड़ी है।

**राज-काज**

## कभी एलन मस्क ने उड़ाया था इस गाड़ी का मजाक

**नई दिल्ली।** चीन की ऑटो कंपनी बीवाईडी ने दुनिया के ऑटो मार्केट में तहलका मचा रखा है। शेनजेन की इस कंपनी ने पिछले साल बिक्री के मामले में एलन मस्क की कंपनी टेस्ला को पीछे छोड़ दिया। पिछले हफ्ते कंपनी ने ऐसी बैटरी लॉन्च की जो पांच मिनट चार्ज करने पर 250 मील की रेंज दे सकती है। इसी तरह पिछले महीने उसने एडवांस्ड ड्राइवर असिस्टेंस सिस्टम ऋऌ्रिर एटी लॉन्च किया जो टेस्ला के फुल सेल्फ-ड्राइविंग फीचर के मुकाबले काफी सस्ता है। यानी यह कंपनी हर मोर्चे पर टेस्ला को टक्कर दे रही है। एक दौर ऐसा भी था जब मस्क इस चीनी कंपनी को कोई भाव देने को तैयार नहीं थे और आज यह सेल्स, इनोवेशन और कीमत के मामले में टेस्ला पर भारी पड़ती दिख रही है। बीवाईडी के उभार से दुनियाभर की कंपनियों की नींद उड़ी हुई है।

# सेंसेक्स में 444 अंक चढ़कर 81,442 पर बंद: निफ्टी भी 130 अंक चढ़ा

**मुंबई।** शेयर बाजार में आज यानी 5 जून को तेजी रही। सेंसेक्स 444 अंक की बढ़त के साथ 81,442 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 130 अंक की तेजी रही। ये 24,750 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 में गिरावट रही। कळ, ऋटउऋऔर मेटल शेयर में तेजी देखने को मिली है। वहीं ऑटो और सरकारी बैंकों के शेयर्स में गिरावट रही।एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 192 अंक की गिरावट के साथ 37,554 पर और कोरिया का कोस्पी 41 अंक ऊपर 2,812 पर बंद हुआ। हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 252 अंक तेजी 23,906 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं चीन का शंघाई कंपोजिट 8 अंक की तेजी के साथ 3,384 पर बंद हुआ है। 4 जून को अमेरिका का डाउ जोन्स 91 अंक गिरकर 42,427 पर बंद हुआ। वहीं नैस्डेक कंपोजिट 61 अंक चढ़कर 19,460 पर और र&ढ 500 5,970 पर तेजी के साथ बंद हुआ।

रिजर्व बैंक की मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग का दूसरा दिन रिजर्व बैंक (फइक) की मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी (टढउ) मीटिंग का आज दूसरा दिन है। एक्सपर्ट्स के अनुसार मॉनेटरी पॉलिसी कमेटी इस बार भी रेपो रेट में 0.25% कटौती कर सकती है। यानी, आने वाले दिनों में लोन सस्ते हो सकते हैं।

6 जून को सुबह 10 बजे फइक गवर्नर संजय



मल्होत्रा इस मीटिंग में लिए गए फैसलों की जानकारी देंगे। इससे पहले हुई दो बैठक में 0.50% की कटौती हो चुकी है। इससे रेपो रेट गिरकर 6% पर आ गई है। टढउ में 6 सदस्य होते हैं। इनमें से 3 फइक के होते हैं, जबकि बाकी केंद्र सरकार द्वारा नियुक्त किए जाते हैं। कल बाजार में तेजी रही शेयर बाजार में आज यानी 4 जून को तेजी रही। सेंसेक्स 260 अंक की बढ़त के साथ 80,998 के स्तर पर बंद हुआ। वहीं निफ्टी में भी 78 अंक की बढ़त के साथ 24,620 के स्तर पर बंद हुआ है। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 में तेजी और 11 में गिरावट रही। मेटल, ऑटो, बैंकिंग और कळ शेयर में ज्यादा तेजी देखने को मिली। वहीं रियल्टी शेयर्स में 0.70% की गिरावट रही।

# जोमैटो के शेयर में 4.50% की तेजी रही:मॉर्गन स्टेनली ने शेयर का टारगेट 320 किया

**नई दिल्ली।** ऑनलाइन फूड डिलिवरी कंपनी जोमैटो (इटर्नल) के शेयरों में गुरुवार को 4.50% की तेजी देखने को मिली। कंपनी का शेयर 11 रुपए चढ़कर 256 के स्तर पर पहुंच गया। बीते 5 दिनों में शेयर 12% से ज्यादा चढ़ा है। जोमैटो के शेयर में तेजी का कारण ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म मॉर्गन स्टेनली की बाय रेटिंग को माना जा रहा है। फर्म ने जोमैटो का टारगेट प्राइस 320 रखा है, जो मौजूदा स्तर से 33% की तेजी की दिखता है।

ब्रोकरेज ने कंपनी की फूड डिलीवरी और क्विक कॉमर्स सेक्टर की टॉप पिक बताया है। इसके लिए कंपनी की लीडरशिप, मजबूत बैलेंस शीट और एफिशिएंट कॉस्ट स्ट्रक्चर को वजह माना है।जोमैटो के शेयर ने एक हफ्ते में यह 13% और 6 महीने में 22% का रिटर्न दिया है। बीते एक महीने में जोमैटो ने 8% और एक साल में 23% का रिटर्न दिया है। कंपनी का मार्केट कैप 2.35 लाख करोड़ रुपए है।

## एक साल में 63% बढ़ी जोमैटो की कमाई

जोमैटो ने 1 मई को चौथी तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी ने वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में 6,201 करोड़ रुपए की कुल कमाई की है। यह पिछले साल के मुकाबले 63% ज्यादा है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी ने 3,797 करोड़ रुपए की कमाई की थी।कुल कमाई में से कर्मचारियों की सैलरी और टैक्स जैसे खर्चे निकाल दें तो कंपनी के पास 39 करोड़ रुपए शुद्ध मुनाफे (कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट) के रूप में बचे। सालाना आधार (2024 के जनवरी-मार्च) पर यह 77.71% कम हुआ है। वहीं, पिछली तिमाही यानी अक्टूबर-दिसंबर के मुकाबले यह 33.90% घटा है।

## रेवेन्यू 64% बढ़कर 5,833 करोड़

चौथी तिमाही (द4ऋ25) में जोमैटो ने संचालन (प्रोडक्ट-सर्विस बेचकर) 5,833 करोड़ रुपए का राजस्व यानी रेवेन्यू जनरेट किया। पिछले साल के जनवरी-मार्च के मुकाबले यह 63.76% बढ़ा है। जनवरी-मार्च 2024 में कंपनी ने 3,562 करोड़ रुपए का रेवेन्यू जनरेट किया था।




हैदराबाद के टैंक बंड में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकर्ता प्लास्टिक कचरे से भरा ग्लोब प्रदर्शित करके प्लास्टिक प्रदूषण के बारे में जागरूकता पैदा करते हुए।

### चित्रकूट में रामलोक के निर्माण के साथ कामतानाथ परिक्रमा पथ का होगा विकास

# लाड़ली बहनों को रक्षाबंधन में मिलेगा अतिरिक्त राशि का उपहार : सीएम

**संवाददाता ● /रीवा**



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने रीवा जिले के मनगवां में महिला स्वसहायता समूह सशक्तिकरण सम्मेलन में कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी। रीवा की धरती में बहनों का अभिनंदन करते हुए गर्व हो रहा है। बहनों के लिए लाड़ली बहना योजना लगातार जारी रहेगी। रक्षाबंधन में बहनों को इस योजना से अतिरिक्त राशि दी जाएगी। इस योजना की राशि 3 वर्ष में बढ़ाकर 3 हजार रुपए तक ले जाएंगे। महिलाओं को संपत्ति के पंजीयन में दो प्रतिशत की छूट दी जा रही है इसके फलस्वरुप पिछले एक साल में 70 प्रतिशत संपत्तियों का पंजीयन महिलाओं के नाम पर हुआ है। महिला सशक्तिकरण के लिये राज्य सरकार संकल्पित है। महिला स्व-सहायता समूहों को उद्योग लगाने के लिए भी छूट का लाभ दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में 49.97 करोड़ के निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया।

**विकास**

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि रीवा तेजी से विकास कर रहा है और क्षेत्र के विकास के लिए हर संभव सहायता दी जाएगी। रीवा जिले के हर खेत में सिंचाई के लिए पानी की सुविधा मिलेगी। हम किसानों को 5 रुपए में सिंचाई के लिए बिजली का कनेक्शन देंगे। अगले 3 सालों में 32 लाख किसानों को सोलर पंप देकर बिजली के बिल से मुक्ति दिलाएंगे। किसान सोलर से प्राप्त बिजली का उपयोग करेंगे और अतिरिक्त बिजली को सरकार खरीद कर किसानों को पैसा देगी। मुख्यमंत्री ने जनपद पंचायत गंगेव के भवन निर्माण तथा हिनौती गौधाम में बांध निर्माण की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां में स्टेडियम निर्माण तथा देवास हाईस्कूल के हायर सेकेंडरी स्कूल का उन्नयन करने की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने मनगवां तिवनी मोड़ से प्रयागराज रोड तक टू लेन सीसी रोड निर्माण की घोषणा की, इस 5.5 किलोमीटर सड़क निर्माण पर 16.5 करोड़ रुपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि रीवा से मेरा दोहरा और मीठा नाता है। रीवा के सफेद बाघ और सुंदरजा आम विश्व प्रसिद्ध हैं। रीवा में महानगरों की तरह आईटी पार्क का निर्माण किया जा रहा है। इससे प्रतिभाशाली युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। इस साल यूपीएससी की परीक्षा में प्रदेश के 60 उम्मीदवारों को सफलता मिली है जो देश में सर्वाधिक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि खेती को आधुनिक बनाने के साथ-साथ दूध उत्पादन के लिए भी विशेष प्रयास करेंगे। वर्तमान में देश के 9 प्रतिशत दूध का उत्पादन मध्यप्रदेश में होता है, इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक ले जाएंगे। इसके लिए गौपालन करने वालों को अनुदान देंगे तथा सरकार दूध खरीद कर पशुपालकों को लाभान्वित करेगी। मध्यप्रदेश को दूध की राजधानी बनाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र के गंगेव स्टेडियम में विश्व पर्यावरण दिवस की पूर्व संध्या पर मंदिर परिसर में पौधरोपण करके पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उपस्थितों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। डॉ. यादव ने कहा कि हर व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य रोपित करके देखभाल कर उसे बड़ा बनाएं। मुख्यमंत्री ने बरैया तालाब के किनारे प्राचीन बम्बा देवी तथा काली माता मंदिर में पूजा-अर्चना भी की।

### तेजी से किया जा रहा विकास कार्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में सेना ने ऑपरेशन सिंदूर में दुश्मन को उसके घर में घुसकर मारा और आतंकवादी ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट किया। अब जो भी देश की ओर नजर उठाएगा उसको कड़ा जवाब दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश तेजी से विकास कर रहा है। 2003 में प्रदेश में पांच मेडिकल कॉलेज थे। आज 27 मेडिकल कॉलेज हैं और तीन शीघ्र बनने वाले हैं। 2003 में प्रतिव्यक्ति वार्षिक आय 11000 रुपए थी जो अब बढ़कर एक लाख 52 हजार रुपए हो गई है। प्रदेश भर में सांदीपनि विद्यालय आधुनिक शिक्षा के केंद्र के रुप में विकसित हो रहे हैं। इस साल कक्षा दसवीं और बारहवीं में परीक्षा परिणाम बहुत अच्छे रहे। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि मनगवां विधानसभा क्षेत्र को लगभग 50 करोड़ रुपए के निर्माण कार्यों की सौगात मिली है। मनगवां विधायक प्रजापति ने अधूरे विकास कार्यों को पूरा कराने के लिए लगातार प्रयास किए हैं जिसके परिणाम अब दिखाई दे रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विकास की गाड़ी सरपट दौड़ती रहेगी। समारोह में सांसद जनार्दन मिश्रा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मनगवां विधानसभा क्षेत्र को 6 लेन ओवरब्रिज और हिनौती गोधाम की सौगात दी है। इसके साथ-साथ कई निर्माण कार्यों को भी मंजूरी दी गई है। सम्मेलन में विधायक मनगवां इंजीनियर नरेंद्र प्रजापति ने अतिथियों का स्वागत किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में रिमोट का बटन दबाकर 49 करोड़ 97 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण किया। उन्होंने महिला स्वसहायता समूह की सदस्यों को हितलाभ वितरित किए। समारोह में विधायक गुढ़ नागेन्द्र सिंह, विधायक त्योंथर सिद्धार्थ तिवारी और बड़ी संख्या में महिलाएं और आमजन उपस्थित रहे।

## शॉट न्यूज

### राजगढ़-बालाघाट के एसपी बदले

**भोपाल।** मध्यप्रदेश सरकार ने सागर रेंज के आईजी को दो दिन में ही बदल दिया है। बुधवार रात में जारी आदेश में आईजी महिला सुरक्षा हिमानी खन्ना को आईजी सागर बनाया है। उन्हें डायरेक्टर जेएनपीए का अतिरिक्त प्रभाव सौंपा है। इससे पहले 1 जून को जारी आदेश में चंद्रशेखर सोलंकी को इंदौर रेंज के एसएएफ आईजी के पद से आईजी सागर के पद पर पदस्थ किया था। बुधवार देर रात जारी आदेश में यह तबादला निरस्त कर दिया गया है। इसके साथ ही राजगढ़ और बालाघाट के पुलिस अधीक्षक भी बदले गए हैं। प्रतिनियुक्ति से लौटे अमित तोलानी को राजगढ़ का नया एसपी बनाया गया है। वहीं, आदित्य मिश्रा बालाघाट के नए पुलिस अधीक्षक होंगे। बुधवार को गृह विभाग ने 8 अफसरों के तबादले के आदेश जारी किए। बालाघाट एसपी नागेंद्र सिंह को सेनानी 25वीं वाहिनी विसबल भोपाल पदस्थ किया है।

### मोबाइल शॉप संचालक से लूट के 3 आरोपियों को भेजा जेल

**भोपाल।** मोबाइल शॉप संचालक पर पांच दिन पहले शहीद स्मारक गेट के पास चाकू से हमला कर 50 हजार रुपए की लूट के मामले में गिरफ्तार तीन बदमाशों को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस को शॉप के पूर्व कर्मचारी मास्टरमाइंड आदिल, अयान एवं एक अन्य की तलाश है। इन आरोपियों के मिलने के बाद बदमाशों की संख्या बढ़ सकती है। पूर्व कर्मचारी ने अपने साथियों के साथ मिलकर लूट की योजना बनाई थी। दो बाइक सवार छह बदमाशों ने घोड़ा नक्कास से पीछा करके मोबाइल शॉप संचालक के सिर पर चाकू से हमला कर लूट की थी। शाहजहांनाबाद पुलिस के मुताबिक, प्रभु नगर, ईदगाह हिल्स निवासी 40 वर्षीय राजेश अठवानी की घोड़ा नक्कास स्थित चैतन्य कॉम्प्लेक्स में मोबाइल शॉप है।

### फायरिंग की शिकायत निकली झूठी

**ग्वालियर।** ग्वालियर के मुरार थाना क्षेत्र स्थित न्यू विजय विहार कॉलोनी काशीपुरा में तीन दिन पहले हुए विवाद में पुलिस ने फायरिंग की बात को खारिज कर दिया है। जांच में सामने आया कि यह मामला फायरिंग का नहीं, बल्कि मारपीट और पथराव का था। पुलिस ने इस मामले में तीन नाबालिगों के साथ एक युवक लवकुश यादव को गिरफ्तार किया है। घटना की शुरुआत उस वक्त हुई जब अभिषेक गुर्जर नामक युवक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि यादव मार्केट में वह अपने दोस्त के साथ नाश्ता कर रहा था। इसी दौरान एक युवक ने उससे पूछा कि क्या वह फाइनेंसर है? जब अभिषेक ने इनकार किया, तो वह युवक चला गया। अगले दिन वही युवक अपने साथियों के साथ वापस आया और गाली-गलौज के बाद पथराव कर दिया। अभिषेक ने थाने में आरोप लगाया कि हमलावरों ने फायरिंग भी की थी।

### पुलिस ने जंगल में उतारे ड्रोन, एसपी के नेतृत्व में ऑपरेशन...

# चित्रकूट, सतना, पन्ना और यूपी सीमा पर हाई अलर्ट

**संवाददाता ● सतना**

मध्यप्रदेश के सतना जिले के तराई क्षेत्र में एक नए आपराधिक गिरोह की सक्रियता की सूचना ने पुलिस महकमे को सतर्क कर दिया है। खासकर उत्तर प्रदेश के बांदा और चित्रकूट तथा मध्यप्रदेश के पन्ना जिले से सटे सीमावर्ती इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इन संवेदनशील क्षेत्रों में अब ड्रोन कैमरों की मदद से निगरानी की जा रही है, जिससे दूर-दराज और दुर्गम इलाकों पर भी नजर रखी जा सके।

दरअसल सतना एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर चित्रकूट एसडीओपी रोहित राठौर की अगुवाई में पुलिस ने विशेष अभियान छेड़ दिया है। मझगवां, बरौंधा, चित्रकूट, धारकुंडी, सभापुर और सिंहपुर थाना क्षेत्रों में लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाए जा रहे हैं। साथ ही यूपी और पन्ना की सीमाओं पर स्थित वन चौकियों में अतिरिक्त पुलिस बल भी तैनात किया गया है। घने जंगलों और पहाड़ी इलाकों में चल रहे सर्च अभियान को आसान बनाने के लिए ड्रोन कैमरे तैनात किए गए हैं। मंगलवार को टीआई डीआर शर्मा, अभिनव सिंह, आदित्य नारायण धुर्वे, शंखधर द्विवेदी और एसआई शैलेन्द्र पटेल अपनी-अपनी टीमों के साथ क्षेत्र का गहन निरीक्षण कर चुके हैं।



**पन्ना में बुजुर्ग के अपहरण ने मचाई हलचल -** गौरतलब हो कि पुलिस की यह सक्रियता पन्ना जिले के धरमपुर थाना क्षेत्र की एक अपहरण की घटना के बाद तेज हुई है। 31 मई की रात छतैनी-पिपराही गांव से 60 वर्षीय रामअवतार पाल का पांच हथियारबंद बदमाशों ने अपहरण कर लिया था। जानकारी के अनुसार, बदमाश बुजुर्ग को जंगलों में ले जाकर एक गुफा में छिपाकर रखे हुए थे। लेकिन चौंकाने वाली बात यह रही कि जब बदमाश आराम कर रहे थे, तब रामअवतार किसी तरह उनके चंगुल से भाग निकलने में सफल रहे और बृजपुर थाने पहुंचकर पूरी घटना की जानकारी दी।

# 'मैं आशिक की दिवानी' बॉयफ्रेंड से मिला धोखा

**संवाददाता ● रीवा**

मध्य प्रदेश के रीवा जिले के बिछिया थाना क्षेत्र की रहने वाली एक युवती ने प्यार में धोखा मिलने पर जमकर शराब पी। शराब पीने के बाद नशे में धुत युवती सड़क पर लेट गई। इस दौरान युवती का हाई वोल्ट्रेज ड्रामा देखने को मिला। युवती को सड़क पर लेटा देख राहगीरों ने पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने युवती को ऑटो से लेकर जाकर उसके घर पहुंचाया। वहीं एसपी ने इस मामले में कार्रवाई का निर्देश दिया है। रीवा शहर के बिछिया थाना क्षेत्र में शाम को एक युवती ने प्यार में धोखा मिलने के बाद जमकर शराब पी और नशे में धुत होकर सड़क पर लेट गई। इस दौरान युवती ने हाई वोल्टेज ड्रामा भी किया। युवती को देख राहगीरों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और युवती को ऑटो में बैठाकर अपने साथ ले गई। वहीं इस मामले का वीडियो भी सामने आया है। स्थानीय लोगों की माने तो युवती एक युवक के साथ वहां आई थी और पास की शराब दुकान से शराब लेकर आई। उसने बोतल से सीधे शराब पी और हंगामा भी किया, फिर सड़क किनारे गिर पड़ी। महिला की हालत को देखकर लोगों ने समझा कि वह बीमार या घायल है। इसके बाद लोगों ने सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद बिछिया थाना पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची।

**, शराब पीकर जमीन पर लेट गई गर्लफ्रेंड**

### केरल, कर्नाटक, असम, आंध्रप्रदेश के रेवेन्यू सिस्टम पर प्रजेंटेशन और पैनल डिस्कसन होंगे

# पीआरसी, सीएलआर के पद मर्ज किए जाने के बाद वर्कशॉप



**संवाददाता ● भोपाल**

मोहन कैबिनेट द्वारा प्रमुख राजस्व आयुक्त (पीआरसी) और आयुक्त भू अभिलेख (सीएलआर) के पदों को मर्ज किए जाने के बाद अब वेब जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित कार्यशाला के जरिए केरल, कर्नाटक, असम और आंध्र प्रदेश के रेवेन्यू सिस्टम के नवाचार पर चर्चा होगी। दो दिन तक चलने वाली इस कार्यशाला में शहरी संपत्ति के सर्वे और भू-स्थानिक (जियो स्पेशियल) डाटा प्रबंधन पर डिस्कसन होगा। इसमें एप के जरिए प्रॉपर्टी वैल्यूएशन, प्रॉपर्टी के एक से अधिक मालिकों की स्थिति और रिकॉर्ड अपडेट बनाए रखने की प्रायोगिक जानकारी दी जाएगी।

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का भूमि संसाधन विभाग और मध्यप्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम (एमपीएसईडीसी) द्वारा संयुक्त रूप से दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन 5 और 6 जून को भारतीय विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (आईसर) भौरी भोपाल में किया जाएगा। कार्यशाला में देशभर के वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ और भू-प्रबंधन से जुड़े एक्सपर्ट भाग लेंगे। नक्शा वेब-जीआईएस सॉल्यूशन पर आधारित कार्यशाला में इस प्लेटफॉर्म की क्षमताओं का शहरी संपत्ति सर्वेक्षण और भू-स्थानिक (जियो स्पेशियल) डाटा प्रबंधन में उपयोग को लेकर जानकारी दी जाएगी। कार्यशाला का उद्देश्य भूप्रबंधन और प्रशासनिक प्रणाली को पारदर्शी और तकनीक सक्षम बनाना है।

### ये अधिकारी रहेंगे मौजूद

कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में केन्द्रीय भूमि संसाधन विभाग के निदेशक श्याम कुमार, केन्द्रीय भूमि संसाधन संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी, एसीएस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग संजय दुबे, प्रमुख सचिव राजस्व विभाग विवेक पोरवाल, एसीएस नगरीय विकास एवं आवास विभाग संजय शुक्ला और राजस्व सचिव एवं भू अभिलेख आयुक्त अनुभा श्रीवास्तव सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# भोपाल में आर्मी जवान ने सगाई के बाद शादी तोड़ी

### लड़की वाले बोले- दहेज में 15 लाख और बाइक की डिमांड की, इतना नहीं दे सकते

**संवाददाता ● भोपाल**

भोपाल में आर्मी जवान ने दहेज में 15 लाख रुपए कैश देने की डिमांड पूरी नहीं करने से नाराज होकर शादी तोड़ दी। पीड़ित पक्ष ने महिला थाने में इसकी शिकायत की थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस आरोपी को गिरफ्तारी का नोटिस देने की तैयारी में है। थाना प्रभारी अंजना दुबे ने बताया कि 28 वर्षीय युवती नगर निगम में कर्मचारी है। जनवरी-2025 में उसका रिश्ता राजू शर्मा से पक्का हुआ था और कुछ समय पहले सगाई हुई है। राजू आर्मी में जवान है। युवती के परिवार वाले शादी की तारीख तय करने की तैयारी में थे। इस बीच राजू और उसके घर वालों ने दहेज में 15 लाख रुपए और बाइक की डिमांड कर दी। लड़की वालों ने इसमें असमर्थता जताई।

**शिकायत**



#### युवती के पिता की हो चुकी है मौत

युवती ने लड़के वालों से साफ कहा- उसके पिता इस दुनिया में नहीं है। शादी की जिम्मेदारी उसी पर है। ऐसे में 15 लाख रुपए की डिमांड पूरी करना मुश्किल होगा। इतना पता होने के बाद भी आरोपी का मन नहीं बदला और रिश्ता खत्म कर दिया।

**काफी मनाने पर भी नहीं माना आरोपी =** लड़की और उसके घर वालों ने काफी मनाने का प्रयास भी किया, लेकिन आरोपी और उसका परिवार मानने को तैयार नहीं हुआ। रिश्ता टूटने से लड़की की बदनामी हुई। लड़की ने इसकी शिकायत थाने में की। पुलिस ने जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।

# 'जीजा ने किया रेप' एसपी की गाड़ी के सामने बैठी पीड़िता

**संवाददाता ● मुरैना**

मध्य प्रदेश के मुरैना जिले के सुमावली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला एसपी की गाड़ी के आगे बैठ गई। उसने कहा कि वो तब तक नहीं हटेगी जब तक पुलिस कार्रवाई नहीं करती। दरअसल, महिला एक रेप पीड़िता है। उसने बताया कि उसके जीजा ने उसके साथ रेप किया। पुलिस से शिकायत करने के बाद भी आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया है। आरोपी लगातार धमकी दे रहे हैं और समझौता करने का दबाव बना रहे हैं। मुरैना में एक महिला एसपी की गाड़ी के आगे बैठ गई। वह जोर-जोर से रोने लगी। महिला ने आरोप लगाया कि उसके साथ सगे जीजा ने रेप किया, लेकिन पुलिस अब तक आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। महिला ने कहा कि एक महीने पहले उसकी शिकायत दर्ज की गई थी लेकिन सुमावली थाना पुलिस ने एक महीना बीत जाने के बाद भी आरोपियों को अरेस्ट नहीं किया है। आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं और मुझे लगातार फोन पर धमकी दे रहे हैं। आरोपी मुझ पर राजीनामा करने का दबाव बना रहे हैं और जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता ने कहा कि पुलिस से कई बार शिकायत करने के बाद भी उसे सिर्फ आश्वासन ही मिला है। आरोपियों को जब तक गिरफ्तार नहीं किया जाता है, वो नहीं हटेगी। वहीं इसके बाद एक बार फिर पुलिस ने पीड़िता को आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया गया। महिला ने बताया कि वह पहले भी कई बार जनसुनवाई में आ चुकी है, लेकिन हर बार उसे आश्वासन ही मिला। वहीं इस बार सुनवाई नहीं होने पर पीड़िता एसपी की गाड़ी के सामने बैठ गई।

### ग्वालियर-रतलाम में भी आंधी-बारिश; अगले 4 दिन ऐसा ही रहेगा मौसम

# एमपी में प्री-मानसून...27 जिलों में आज यलो अलर्ट

**संवाददाता ● इंदौर**

मध्यप्रदेश में गुरुवार को भी प्री-मानसून की एक्टिविटी देखने को मिलेगी। मौसम विभाग ने ग्वालियर, रतलाम समेत कुल 27 जिलों में आंधी-बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। इससे पहले बुधवार को भी भोपाल, शाजापुर, उज्जैन, छिंदवाड़ा, राजगढ़, सागर, सतना, धार समेत कई जिलों में बारिश हुई। दमोह में करीब सवा इंच पानी बरस गया। मानसून के आने से पहले जून के पहले सप्ताह में प्रदेश में गर्मी का असर रहता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर-जबलपुर समेत कई शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री के पार पहुंच जाता है, लेकिन इस बार ऐसा नहीं है। इन शहरों में पारा 40 डिग्री से नीचे ही है। वहीं, यहां बारिश का दौर चल रहा है। अगले 4 दिन भी आंधी-बारिश का अलर्ट है।

**अलर्ट**



#### पूरे मई महीने आंधी-बारिश हुई

बता दें कि इस बार भीषण गर्मी में भी आंधी-बारिश वाला मौसम है। प्रदेश में 26 अप्रैल से आंधी-बारिश का दौर शुरु हो गया था, जो 4 जून को भी जारी रहा। यानी, लगातार 40 दिन से प्रदेश के किसी न किसी जिले में पानी गिर रहा है या आंधी चल रही है। मौसम विभाग ने अगले 4 दिन यानी 8 जून तक ऐसा ही मौसम रहने का अनुमान जताया है। मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि प्रदेश में आंधी-बारिश के सिस्टम एक्टिव हैं। इस वजह से मौसम बदला हुआ है।

#### 50Km/घंटा रहेगी आंधी की रफ्तार

मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार को ग्वालियर, श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, अशोकनगर, विदिशा, सागर, कटनी, उमरिया, डिंडोरी, मंडला, सिवनी, पांढुर्णा, बैतूल, हरदा, खंडवा, बुरहानपुर, खरगोन, बड़वानी, अलीराजपुर, रतलाम, मंदसौर और नीमच में आंधी-बारिश का अलर्ट है। यहां पर आंधी की रफ्तार 40 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटा तक रह सकती है।

#### भोपाल समेत कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट

बारिश की वजह से बुधवार को कई शहरों में दिन के तापमान में गिरावट हुई है। मौसम विभाग के अनुसार, नौगांव में ही पारा 40 डिग्री तक पहुंचा। बाकी शहरों में इससे नीचे रहा। भोपाल में 33 डिग्री, इंदौर में 32.3 डिग्री, ग्वालियर में 36.4 डिग्री, उज्जैन में 35.4 डिग्री और जबलपुर में 36.7 डिग्री सेल्सियस रहा। इकलौते हिल स्टेशन पचमढ़ी में तापमान 29.6 डिग्री रहा।

# 'पॉपुलरिटी हजम नहीं हुई...'

## अनन्या के रेड फ्लैग वाले बयान के बाद एक्स ब्वॉयफ्रेंड आदित्य ने किया रिएक्ट



जब कोई दो सेलेब्रिटीज एक-दूसरे के प्यार में पड़ते हैं, तो या तो वो अपने रोमांस को लोगों की नजरों से छिपाते हैं या बहुत ही कम मामलों में,अपने रिश्ते को सबके सामने फ्लॉन्ट करते हैं। फिर कुछ ऐसे लव बड्र्स हैं जो सीधे तौर पर कुछ भी पुष्टि किए बिना यू ही घूमते फिरते रहते हैं। ऐसी ही एक अफवाह वाली स्टार जोड़ी थी अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर। इनके लिंक-अप की कहानियां साल 2022 में सामने आई थीं। लेकिन दोनों ने कभी भी सामने से इसे स्वीकार नहीं किया। इसके बाद साल 2024 में खबर आई कि इनका ब्रेकअप हो गया। लगभग दो साल तक एक दूसरे को डेट करने के बाद ये जोड़ी अलग हो गई। अपने अफवाह भरे रिश्ते के दौरान, अनन्या ने करण जौहर के चैट शो में खुद को 'अनन्या कॉय कपूर'कहा था, जबकि आदित्य ने खुद को 'आदित्य 'जॉय' कपूर'बोला था। अब हाल ही में इस कपल ने रिलेशनशिप में रेड फ्लैग पर अलग-अलग बात की है। एक इंटरव्यू में अनन्या पांडे ने बताया कि उन्होंने पिछले कुछ सालों में अपने रिलेशनशिप में कई सारे रेड फ्लैग फेस किए हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने लोगों के लिए बहाने बनाए हैं, खुद को उस व्यक्ति के लिए बदला है जिसके साथ वह थी। बॉम्बे टाइम्स लाउंज ने एक रिपोर्ट में अनन्या के हवाले से कहा, 'मेरी पीपल प्लीसिंग पर्सनालिटी है। लेकिन मुझे लगता है कि आपको वैसा ही होना चाहिए जैसे आप हो। आपके पार्टनर को आपको उसी तरह स्वीकार करना चाहिए। मेरे लिए रेड फ्लैग है - धोखा देना, झूठ बोलना, सार्वजनिक रूप से आपका अनादर करना और वह सब। मुझे लगता है कि कोई व्यक्ति आपके लिए खुश नहीं हो सकता है जब आप अच्छा कर रहे हैं। वहीं अब मेट्रो इन दिनों के ट्रेलर लॉन्च पर आदित्य रॉय कपूर से उनके अनुसार रेड फ्लैग और ग्रीन फ्लैग के बारे में बताने के लिए कहा गया। इस पर एक्टर ने कहा,'रेड फ्लैग हो सकता है... जिसका जेल रिकॉर्ड हो सकता है... नहीं यार, मुझे लगता है कि ग्रीन फ्लैग बस, मुझे लगता है कि बस कोई ऐसा व्यक्ति है जो दयालु है। क्योंकि मुझे लगता है कि अगर आप किसी के साथ लंबे समय तक हैं और अंत में सभी तरह की परिस्थितियों में दयालु हैं तो निश्चित रूप से यह एक ग्रीन फ्लैग है।

# लीप के बाद अनुपमा की होने वाली है कायापलट! शो में होगी दो नए किरदारों की एंट्री



अनुपमा भारतीय टीवी जगत का सबसे पॉपुलर डेली शॉप माना जाता है। सालों से रुपाली गांगुली स्टारर ये धारावाहिक इंडियन ऑडियंस का मनोरंजन करता आ रहा है। अब एक बार फिर से अनुपमा में लीप आने वाला है, जिसके चलते शो की कायापलट होने के पूरे चांस हैं। इस बीच हम आपको ये बताने जा रहे हैं कि अनुपमा टीवी शो में दो नए किरदारों की एंट्री होने वाली है। इसके अलावा रुपाली ने अपनी फैमिली को लेकर बड़ा बयान दिया है। पूरा मामला क्या है कि आइए डिटेल्स में जानते हैं। कुछ महीने पहले ही अनुपमा टीवी सीरियल में 15 साल का लंबा लीप दिखाया गया था। जिसके बाद शो की कास्ट में बड़ा बदलाव देखने को मिला था, जो फैंस के लिए शॉकिंग रहा। अब एक बार फिर से इसमें लीप आने वाला है, जो कुछ ही महीनों का होने वाला है। इसके बाद अनुपमा गुजरात के बाद मुंबई में शिफ्ट हो जाएंगी और इसके साथ दो एक्ट्रेस की एंट्री भी शो में हो रही है। इनमें से एक किरदार का नाम जसप्रीत बताया जा रहा है, जबकि दूसरे के नाम से पर्दा उठना बाकी है। कुल मिलाकर कहा जाए तो लीप के बाद अनुपमा की कहानी में काफी अंतर आने वाला है और रोमांच-ट्विस्ट पहले से ज्यादा अलग देखने को मिल सकता है। हालांकि, अनुपमा के किरदार का इस लीप पर क्या प्रभाव पड़ेगा।

# गोविंदा-अनिल की हीरोइन 'जल्लाद' ने बनाया बॉलीवुड की रानी

## रातोंरात हुई गायब, अब कहां हैं रंभा?



फिल्मी दुनिया में ऐसी कुछ ही अभिनेत्रियां हैं, जिन्होंने बॉलीवुड के साथ-साथ साउथ फिल्मों में भी अपने अभिनय का जादू बिखेरा है। इनमें सलमान खान की 'जुड़वा' को-स्टार रंभा भी शामिल हैं। रंभा ने बॉलीवुड में 90 के दशक के दौरान गोविंदा, सलमान खान और अनिल कपूर जैसे स्टार्स के साथ काम किया, जो उस दौर के टॉप स्टार थे। वहीं साउथ सिनेमा के भी लीडिंग कलाकारों के साथ काम किया। रंभा उन गिनी-चुनी अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने हिंदी के साथ-साथ साउथ सिनेमा लवर्स के दिलों में भी अपनी जगह बनाई। आज रंभा का जन्मदिन है। अभिनेत्री आज अपना 49वां जन्मदिन मना रही हैं, इस मौके पर आपको उनसे जुड़ी कुछ दिलचस्प बातें बताते हैं। 5 जून 1976 को जन्मीं रंभा बॉलीवुड की उन अभिनेत्रियों में से हैं, जिन्होंने अपना नाम बदलकर फैंस के बीच अपनी पहचान बनाई है। आंध्रप्रदेश में जन्मीं रंभा का असली नाम विजयलक्ष्मी है, लेकिन उन्होंने फिल्मों में अपनी पहचान बनाने के लिए अपना नाम बदल लिया और अमृता बन गईं। लेकिन, ये नाम उन्हें ज्यादा रास नहीं आया और फिर रंभा के नाम से पहचानी गईं। रंभा ने ज्यादातर साउथ फिल्मों में काम किया, लेकिन बॉलीवुड में भी कम पसंद नहीं की गईं। उन्होंने महज 16 साल की उम्र में ही अपने करियर की शुरुआत कर दी थी। अपने करियर में रंभा ने साउथ और बॉलीवुड दोनों ही इंडस्ट्री के टॉप स्टार्स के साथ काम किया। अभिनेत्री के साउथ करियर की बात करें तो उन्होंने दग्गुबाती वेंकटेश, रजनीकांत, थलापति विजय, वी रविचंद्रन और ममूटी जैसे स्टार्स के साथ काम किया। वहीं बॉलीवुड में गोविंदा और सलमान खान जैसे सुपरस्टार्स के साथ उनकी जोड़ी खूब पसंद की गई। इनके अलावा रंभा ने अक्षय कुमार, अजय देवगन और अनिल कपूर जैसे स्टार्स के साथ भी स्क्रीन शेयर किया। लेकिन, अब वह लंबे समय से फिल्मों से दूर हैं। अभिनेत्री आखिरी बार मलयाली फिल्म 'फिल्मस्टार' में नजर आई थीं।



# हिना खान ने बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल संग रचाई शादी

## सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर लिखा- हमारे दिल एक हो गए

टीवी एक्ट्रेस हिना खान अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड रॉकी जायसवाल के साथ शादी के बंधन में बंध गई हैं। हिना ने इंस्टाग्राम पर शादी की फोटो शेयर कर फैंस को चौंका दिया है। फोटोज में दोनों ही बेहद खूबसूरत लग रहे हैं। हिना और रॉकी ने घर पर ही परिवार और खास दोस्तों के बीच स्पेशल मैरिज एक्ट के तहत अपनी शादी को रजिस्टर किया है। हिना फोटोज शेयर करके लिखती हैं- 'दो अलग दुनिया लेकिन हमने मिलकर प्यार का यूनिवर्स बनाया। हमारे मतभेद मिट गए हैं और हमारे दिल एक हो गए। यह एक ऐसा बंधन है, जो उम्र भर साथ रहेगा। हम हमारा घर हैं, हमारी रोशनी हैं, एक-दूसरे की आशा हैं। साथ मिलकर हमने सभी मुश्किलों को पार किया है। आज कानून और प्यार के तहत हमारा प्यार हमेशा के लिए सील हो गया। पति-पत्नी के रूप में हम आपका आशीर्वाद चाहते हैं। अपने खास दिन के लिए हिना ने फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा की डिजाइन की ओपल ग्रीन रंग की साड़ी पहनी है। वहीं, रॉकी हिना की साड़ी को कॉम्प्लीमेंट करते हुए ऑफ वाइट रंग के कुर्ते में नजर आ रहे हैं। हिना की साड़ी के पल्लू पर इनफिनिटी के साइन के साथ हिना रॉकी लिखा हुआ है। हिना ने ओपल ग्रीन साड़ी को पिंक ब्लाउज और पिंक दुपट्टे के साथ स्टाइल किया है। लुक को पूरा करने के लिए उन्हें कुंदन और गोल्ड ज्वैलरी पहनी है, जिसे मनीष मल्होत्रा ने ही डिजाइन किया है। सटल मेकअप के साथ उन्होंने बालों को खुला रखा है। हाथ और पैरों में मिनिमल डिजाइन वाली मेहंदी भी लगाई है। हिना और रॉकी की शादी की फोटो पर फैंस के साथ-साथ सेलेब्स भी अपना प्यार लुटा रहे हैं। सोहा अली खान लिखती हैं- 'बधाई। आप दोनों को जीवन भर प्यार और खुशी की शुभकामनाएं। क्या खबर है।' टीवी एक्ट्रेस कृतिका कामरा लिखती हैं- 'बधाई और खूब सारा प्यार। तुम दोनों बहुत सुंदर लग रहे हो। हमेशा खुश रहो।' गौहर खान लिखती हैं- 'शादी मुबारक।' मलाइका अरोड़ा लिखती हैं- बेहद खूबसूरत। बधाई... तुम सारी खुशियां औऱ प्यार डिजर्व करती हो। वहीं, बिपाशा बसु लिखती हैं- 'हमेशा के लिए एक साथ खुशियां।'

# 22 की उम्र में घरवालों से की बगावत, चंडीगढ़ जाकर बन गई एक्ट्रेस



भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में ऐसे कई कलाकार हैं जिन्होंने फिल्मी दुनिया पहचान बनाने के लिए अपना घर छोड़ दिया और लंबे संघर्ष के बाद एक अलग मुकाम हासिल किया। इस लिस्ट में कई बड़े स्टार्स के नाम शुमार हैं। यश, कंगना रनौत, यश और नसीरुद्दीन शाह जैसे कलाकार जो आज अपने अभिनय से दर्शकों के दिलों में अपनी अलग जगह बना चुके हैं, एक समय में फिल्म इंडस्ट्री में कदम जमाने के लिए स्ट्रगल कर रहे थे। बिना किसी फिल्मी बैकग्राउंड के होते हुए आज ये कलाकार सिनेमा जगत में अलग पहचान रखते हैं। आज हम आपको एक और ऐसी हीरोइन के बारे में बताएंगे, जिसने फेम की चाहत में अपना घर छोड़ दिया था और लंबे संघर्ष के बाद एक शो के जरिए हर घर में ऐसी छाईं कि बॉलीवुड तक जा पहुंचीं।

हम बात कर रहे हैं शहनाज गिल की। वही शहनाज गिल जिन्होंने खुद को 'पंजाब की कैटरीना' कहते हुए बिग बॉस 13 में एंट्री ली थी और अपने चुलबुले अंदाज से हर किसी की फेवरेट बन गईं। बिग बॉस का 13वां सीजन, रियेलिटी शो के सबसे हिट सीजन में से है, जिसे हिट बनाने में शहनाज का भी हाथ था। दिवंगत अभिनेता सिद्धार्थ शुक्ला के साथ उनकी दोस्ती, तकरार और प्यार आज भी इनके फैंस नहीं भूले हैं।

शहनाज ने जब बिग बॉस 13 में एंट्री ली, तब तक उनकी कोई खास पहचान नहीं थी। लेकिन, शो के दौरान अपने अलग अंदाज और मासूमियत से वह हर दिल में अपनी धाक जमाने में सफल रहीं। यहां तक कि सुपरस्टार सलमान खान को भी उन्होंने इंप्रेस किया। शहनाज ने शो के दौरान अपनी जिंदगी से जुड़े भी कई राजों से पर्दा उठाया। अभिनेत्री ने शो के दौरान बताया था कि इस मुकाम तक पहुंचने के लिए उन्होंने अपना घर-परिवार सब छोड़ दिया था। एक्ट्रेस अपने घर से भाग गई थीं, जिसके बाद उनके परिवार ने उनसे दूरी बना ली थी। हालांकि, उनकी अपनी मां से बात होती रहती थी। लेकिन, उनके पिता उनके फैसले से बेहद नाराज थे। शहनाज तब 22 साल की थीं, जब अपने सपने साकार करने के लिए वह घर से भाग गईं। उन्होंने घरवालों के नंबर ब्लॉक कर दिए और कसम खाई कि तभी घर लौटेंगी जब कुछ बन जाएंगी। उन्होंने बॉलीवुड बबल से बात करते हुए कहा था- 'मेरे सपने मेरे अपने हैं। उन्हें साकार करने के लिए मुझसे जो कुछ बन पाएगा मैं करूंगी। मैं अपने घर से भाग गई थी और वो मेरा पता नहीं लगा पाए। मैं तभी अपने घर लौटी, जब मशहूर हो गई। मैं पीजी में रहती थी, महीने के 15 हजार कामीत थी। वे मुझे फोन करते रहते, मुझे अपनी दादी से बहुत लगाव था, फिर भी मैंने अपने घरवालों के नंबर ब्लॉक कर दिए। मैं ये साबित करना चाहती थी कि धैर्य का फल मीठा होता है।'

# रिश्तों से बंधी गौरी' की टीम ने वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे पर लगाया पौधा, दी हरियाली बचाने की प्रेरणा

वर्ल्ड एनवायरनमेंट डे के खास मौके पर सन नियो के शो 'रिश्तों से बंधी गौरी' की टीम ने शूटिंग से समय निकालकर एक बेहद खास पहल की। पूरी टीम ने मिलकर वृक्षारोपण कर न सिर्फ हरियाली को बढ़ावा दिया, बल्कि लोगों को भी पर्यावरण की रक्षा के लिए प्रेरित किया। इस दौरान शो के लीड कलाकार सवी ठाकुर और ईशा पाठक ने अपना अनुभव साझा करते हुए कई जरूरी बातें साझा की।

रुद्र का किरदार निभा रहे सवी ठाकुर ने इस मौके को बहुत खास बताते हुए कहा,"आज पेड़ लगाकर जो खुशी महसूस हुई, वो शब्दों में बयां करना मुश्किल है। बचपन में घर पर अकसर पौधे लगाया करते थे, लेकिन मुंबई आने के बाद वो मौका नहीं मिला। लेकिन आज जो मौका मिला, वो वाकई खास है। मैं अपने सभी फैंस से कहना चाहता हूं – जैसे आप हमारे किरदारों से जुड़ते हैं, वैसे ही इस छोटे मगर जरूरी कदम से भी जुड़िए। हम प्रकृति से बहुत कुछ लेते हैं, लेकिन देते कुछ नहीं। एक पेड़ लगाना भी प्रकृति को एक छोटा-सा तोहफा देने जैसा है। 'रिश्तों से बंधी गौरी' शो के सेट पर हमें जो ये मौका दिया, इसके लिए मैं आभारी हूं। चलिए, हम सब मिलकर कुछ अच्छा करते हैं – खुद के लिए, हमारे आने वाले कल के लिए।" गौरी का किरदार निभा रहीं ईशा पाठक ने भी अपने



विचार साझा करते हुए कहा,"मुझे हरियाली से बेहद लगाव है। मेरा घर एक छोटे से गार्डन की तरह है। हर कोना पौधों से भरा हुआ है। यहाँ तक कि मेरी मेकअप रूम में भी कई पौधे हैं ताकि मैं हमेशा प्रकृति के करीब रह सकूं। आज 'रिश्तों से बंधी गौरी' शो के सेट पर वृक्षारोपण में शामिल होकर दिल को बहुत सुकून मिला। यह सिर्फ एक अच्छा काम नहीं, बल्कि आज के समय की जरूरत बन चुका है। जिस तरह ग्लोबल वॉर्मिंग बढ़ रही है, मौसम बदल रहे हैं, ये साफ संकेत हैं कि हमने प्रकृति को बहुत नुकसान पहुंचाया है। मैं सभी से निवेदन करती हूं कि एक पेड़ ज़रूर लगाइए। ये छोटा-सा कदम भी बड़ा बदलाव ला सकता है। एक बार करिए, फिर देखिए प्रकृति से कैसा अनमोल रिश्ता जुड़ता है।" 'रिश्तों से बंधी गौरी' की कहानी गौरी की है जो एक मजबूत और विनम्र लड़की, जिसकी आस्था उसे जीवन की हर चुनौती से लड़ने की ताकत देती है। जब वह एक अनचाही शादी में बंध जाती है, तो हिम्मत और समझदारी से वह बुंदेला परिवार में अपनी एक अलग जगह बनाती है। इस दिल को छू लेने वाले शो में ईशा पाठक, सवी ठाकुर और स्वाति शाह मुख्य भूमिकाओं में हैं। शो हर रात 8:30 बजे सन नियो पर प्रसारित होता है।

# छावा का शिकार करने के तैयार है हाउसफुल 5! रिलीज से 2 दिन पहले छप्परफाड़ कमाई



अक्षय कुमार-रितेश देशमुख और अभिषेक बच्चन की जोड़ी एक बार फिर से फिल्मी पर्दे पर धमा चौकड़ी मचाने के लिए आ रही है। उनकी आगामी कॉमेडी फ्रेंचाइजी 'हाउसफुल- 5' की उल्टी गिनती शुरू हो गई है। इस बार साजिद नाडियाडवाला के प्रोडक्शन में बनी 'हाउसफुल-5' के निर्देशन की कमान तरुण मनसुखानी ने संभाली है, जो इससे पहले दोस्ताना और ड्राइव जैसी फिल्में बना चुके हैं। अक्षय कुमार की ये कॉमेडी फिल्म अब पर्दे पर क्या असर दिखाएगी ये तो रिलीज के बाद ही पता चलेगा, लेकिन फिल्म का क्रेज लोगों में कितना ज्यादा है इस बात का अंदाजा आप इसकी एडवांस बुकिंग से लगा सकते हैं। 'हाउसफुल-5' ने रिलीज से पहले ही एडवांस बुकिंग कलेक्शन में इतनी तगड़ी कमाई कर ली है कि अब ये छावा का सिंहासन भी छीन सकती है। 4 जून को मूवी का कितना कलेक्शन हुआ। अक्षय कुमार के डूबते करियर में एक उम्मीद की किरण का काम उनकी सफल फिल्मों की फ्रेंचाइजी हमेशा करती रही हैं और अब हाउसफुल 5 की एडवांस बुकिंग कमाई देखकर ऐसा लगता है कि इतिहास वापस दोहराया जाएगा। सैकनलिक.कॉम के आंकड़ों की मुताबिक, अक्षय कुमार-जैकलीन फर्नांडीज स्टारर 'हाउसफुल-5' की रिलीज से दो दिन पहले 93 हजार 972 के आसपास टिकट बिक्री हो चुकी है। इस फिल्म को नेशनल चेन में अभी तक टोटल 11, 620 शोज मिले हैं। 93 हजार की टिकट बिक्री के साथ मेकर्स के खाते में अब तक 2 करोड़ 78 लाख रुपए आ चुके हैं और हर पल फिल्म के एडवांस बुकिंग कलेक्शन में बढ़ोतरी हो रही है।

# टाइगर श्रॉफ और निमृत कौर आहलूवालिया पहली बार एक साथ नज़र आएंगे, ये है धमाकेदार प्रोजेक्ट..



बॉलीवुड के एक्शन स्टार टाइगर श्रॉफ जल्द ही उभरती हुई अदाकारा निमृत कौर आहलूवालिया के साथ एक नए और रोमांचक प्रोजेक्ट में नज़र आएंगे। यह पहली बार होगा जब दोनों एक साथ स्क्रीन शेयर करेंगे। इस नई जोड़ी ने पहले ही फैंस और इंडस्ट्री में काफी उत्सुकता जगा दी है। निमृत, जिन्होंने हाल ही में फिल्म 'शौंकी सरदार' में अपने दमदार अभिनय से खूब तारीफें बटोरीं, अब एक नए मुकाम पर हैं। उनकी मासूमियत और मज़बूत अभिनय के मेल ने उन्हें इंडस्ट्री में खास बना दिया है। वहीं, टाइगर श्रॉफ अपनी एक्शन और डांस के लिए जाने जाते हैं। ऐसे में दोनों की जोड़ी पर्दे पर एक नया और शानदार एनर्जी लेकर आएगी। प्रोजेक्ट से जुड़े एक सूत्र ने बताया, 'शौंकी सरदार की सफलता के बाद निमृत के पास कई नए ऑफर्स आए हैं। इस खास प्रोजेक्ट में उन्हें टाइगर के साथ नई केमिस्ट्री लाने के लिए चुना गया। निमृत इस जीवन के इस पड़ाव में काफी एक्साइटेड और आभारी हैं। टाइगर और निमृत की जोड़ी इस प्रोजेक्ट की सबसे बड़ी खासियत है।

# बैटिंग लाइनअप पर क्या बोले कप्तान शुभमन गिल? कोच गौतम गंभीर ने जताया बंगलूरू भगदड़ पर दुख

एजेंसी ● मुंबई

भारत और इंग्लैंड के बीच 20 जून से पांच मैचों की टेस्ट की शुरूआत होगी। इसके लिए टीम इंडिया जल्द ही रवाना होगी। इससे पहले गुरुवार को टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की और तमाम सवालों के जवाब दिए।गंभीर- मैं कोई नहीं हूं किसी को जिम्मेदार ठहराने वाला। मैं जब खेलता था कि तब भी कहता था कि रोड शो नहीं होने चाहिए। हर किसी की जिंदगी जरूरी है। खिलाड़ियों और टीमों के प्रशंसकों का ख्याल रखना चाहिए।गंभीर- घरेलू क्रिकेट के लिए अच्छा है। क्रिकेटर्स को अच्छा मेसेज मिला है। उन्हें घरेलू क्रिकेट की अहमियत पता चलेगी। करुण नायर ने हाल ही में इंडिया ए के लिए दोहरा शतक लगाया है। वह शानदार है। गंभीर- मैं हमेशा प्रेशर में रहता हूं। मैं कोच हूं, मुझे परिणाम चाहिए। मैं देश की टीम का कोच हूं और कोचिंग के दौरान दबाव में रहता हूं।

गंभीर- हर किसी की जिंदगी बहुत जरूरी है। उम्मीद करता हूं कि भविष्य में इस तरह के कोई रोडशो नहीं होंगे। जो कुछ भी हुआ वह गलत है। सभी के साथ मेरी संवेदनाएं हैं। फैन बेस बढ़ गया है। हमें जिम्मेदार होने की जरूरत है। अगर हम नहीं संभाल सकते थे तो हमें यह रोड शो नहीं करना चाहिए था। एक खिलाड़ी और फ्रेंचाइजी के तौर पर हमारी जिम्मेदारी है कि हम कैसे सबकुछ मैनेज करते हैं।गंभीर- प्लेइंग कंडीशन और अन्य बातों को ध्यान में रखते हुए प्लेइंग 11 चुनी जाएगी।ऐसा कोई पर्टिकुलर स्टाइल नहीं है कि मैं कैसा कप्तान बनूंगा। हर किसी का एक पर्सनल स्टाइल होता है, मुझे पसंद है कि खिलाड़ियों से बात करना और उनके साथ बातचीत करना। यह किसी भी टीम के लिए बहुत जरूरी होता है। तभी वे अच्छा प्रदर्शन कर सकते हैं। बतौर कप्तान मैं फ्रंट से लीड करना चाहता हूं।शुभमन गिल- मुझे बहुत खुशी हुई जब मुझे पता चला कि मुझे कप्तान बनाया गया है। यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है। मैं इसके लिए तैयार हैं। हम बल्लेबाजी क्रम पर जल्द फैसला लेंगे। अभी हमारे पास समय है। हमारे पास अनुभवी गेंदबाज हैं।

गौतम गंभीर- जसप्रीत बुमराह को रिप्लेस करना काफी मुश्किल होता है। लेकिन हमारे पास और भी गेंदबाज हैं। हमने अभी तक यह फैसला नहीं है कि वह कौन से मैच खेलेंगे।प्रेस





कॉन्फ्रेंस शुरू हो चुकी है। शुभमन गिल और गौतम गंभीर मौजूद हैं।प्रेस कॉन्फ्रेंस के लिए कप्तान शुभमन गिल बीसीसीआई हेडक्वार्टर पहुंच गए हैं। शाम 7:30 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस शुरू होगी, जिसमें मुख्य कोच गौतम गंभीर भी मौजूद रहेंगे।बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है। 31 वर्षीय इस गेंदबाज को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच में अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है और उनके मैच से पहले फिट होने की उम्मीद है। इंग्लैंड की टीम तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स पर काफी निर्भर रहेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर जैकब बेथेल भी दिसंबर के बाद वापसी कर रहे हैं। इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत-ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है।

शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (विकेटकीपर/उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह और कुलदीप यादव।इतना ही ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गई टीम इंडिया से कुछ खिलाड़ियों को बाहर भी किया गया है। इनमें सरफराज खान, देवदत्त पडिक्कल, हर्षित राणा शामिल हैं। ये तीनों ऑस्ट्रेलिया दौरे पर शामिल थे। पडिक्कल इस वक्त चोटिल चल रहे हैं और आईपीएल से भी बाहर हो चुके हैं। आरसीबी ने उनकी जगह मयंक अग्रवाल को शामिल किया है। सरफराज और हर्षित को इंग्लैंड दौरे पर जा रही ए टीम में जगह दी गई है, लेकिन मुख्य टीम में वे जगह बनाने में नाकाम रहे। इनकी जगह जिन पांच नए खिलाड़ियों ने ली, उनमें साई सुदर्शन, करुण नायर, शार्दुल ठाकुर, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव शामिल हैं। आपको बता दें कि ऑस्ट्रेलिया दौरे पर गए रोहित शर्मा और विराट कोहली टेस्ट से संन्यास ले चुके हैं। ऐसे में दो और खिलाड़ी भारतीय टेस्ट में जगह बनाने में कामयाब रहे।रोहित शर्मा के संन्यास लेने के बाद से ही गिल को लेकर चर्चा चल रही थी। हालांकि, कई पूर्व क्रिकेटर्स ने जसप्रीत बुमराह का भी पक्ष लिया था। टीम का एलान करते समय अगरकर ने कहा, 'बुमराह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर पहले उपकप्तान और फिर कप्तान भी रहे।

# इंग्लैंड लायंस के खिलाफ आज से शुरू हो रहा दूसरा चार दिवसीय मैच, केएल राहुल पर रहेंगी नजरें

एजेंसी ● नॉर्थैम्पटन

भारत-ए और इंग्लैंड लायंस के बीच दूसरे और आखिरी अनधिकृत चार दिवसीय मैच की शुरूआत छह जून से होने जा रही है। दोनों टीमों के बीच पहला मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद अब इस मैच में भारतीय टीम जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। इंग्लैंड की मुख्य टीम के खिलाफ भारत की सीरीज से पहले यह खिलाड़ियों की तैयारी के तौर पर सीरीज चल रही है। भारतीय-ए टीम में खेल रहे कुछ खिलाड़ी भारतीय टीम का भी हिस्सा होंगे। ऐसे में दूसरा चार दिवसीय मैच अपनी तैयारियां का जायजा लेने का सबसे बेहतरीन जरिया होगा। इस मैच में केएल राहुल भी खेलते दिखेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले राहुल की नजरें लाल गेंद से अभ्यास पर होंगी।भारत के अधिकांश हिस्सों में मानसून होने के कारण राहुल ने टेस्ट टीम से पहले अभ्यास के लिए ब्रिटेन पहुंचने का फैसला किया। भारत और इंग्लैंड के बीच पहला टेस्ट 20 जून से शुरू होगा। शुभमन गिल की कप्तानी वाली भारतीय टीम शुक्रवार को मुंबई से रवाना होगी। इंग्लैंड में दो शतक लगा चुके राहुल इस दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम के सबसे



सीनियर सदस्य हैं। विराट कोहली और रोहित शर्मा टेस्ट क्रिकेट से विदा ले चुके हैं।राहुल ने 58 टेस्ट में 33.57 की औसत से रन बनाए हैं, लेकिन उन्हें अधिकांश सफलता शीर्षक्रम में मिला है। अब देखना है कि वह इसी क्रम पर उतरते हैं या इसमें बदलाव किया जाता है। गिल और साई सुदर्शन को भी दूसरा चार दिवसीय मैच खेलना था, लेकिन आईपीएल के कारण वह समय पर इंग्लैंड नहीं रवाना हो सके। दोनों को लीड्स पर होने वाले शुरूआत टेस्ट से पहले इंट्रा स्क्वॉड अभ्यास मैच खेलने का मौका मिल सकेगा।

टेस्ट टीम के सदस्यों में से छह ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ पहला मैच खेला जो ड्रॉ रहा। तेज गेंदबाज आकाश दीप दूसरे मैच में खेलेंगे। यशस्वी जायसवाल, अभिमन्यु ईश्वरन और करुण नायर ने पहले मैच में रन बनाए थे। ऐसी संभावना है कि ऋतुराज गायकवाड़ और ईशान किशन को इस मैच में मौका दिया जा सकता है। शार्दुल ठाकुर और नीतिश रेड्डी में से एक का चयन होगा। दोनों ने कैंटरबरी में पहला मैच खेला था, लेकिन ठाकुर ने रेड्डी से ज्यादा गेंदबाजी की। फिटनेस कारणों से रेड्डी आईपीएल में भी ज्यादा गेंदबाजी नहीं कर सके थे।

## इंग्लैंड लायंस के लिए वोक्स और टंग खेलेंगे

अगर एक बार फिर सपाट पिच मिलती है तो राहुल एंड कंपनी के लिए तैयारियों के लिहाज से यह अच्छा नहीं होगा। इंग्लैंड लायंस के लिए तेज गेंदबाज जोश टंग और क्रिस वोक्स प्रभाव छोड़ने की कोशिश करेंगे ताकि पहले टेस्ट के लिए टीम में जगह बना सकें। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर का चोट के कारण भारत के खिलाफ खेलना संदिग्ध है। गस एटकिंसन का भी भारत के खिलाफ पहले टेस्ट से बाहर रहना तय है।

## दोनों टीमें इस प्रकार हैं...

**भारत एः** अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, करूण नायर, ध्रुव जुरेल, नीतीश कुमार रेड्डी, शार्दुल ठाकुर, ईशान किशन, मानव सुथार, तनुष कोटियान, मुकेश कुमार, आकाश दीप, हर्षित राणा, अंशुल कम्बोज, खलील अहमद, ऋतुराज गायकवाड़, सरफराज खान, तुषार देशपांडे, हर्ष दुबे। **इंग्लैंड लायंसः** जेम्स रियू (कप्तान ), फरहान अहमद,जोर्डन कॉक्स, रिकी फ्लिंटॉफ, एमिलियो गे, टॉम हैंस, जॉर्ज हिल, मैक्स होल्डन, बेन मैकिनी, एडी जैक, अजीत सिंह डेल, जोश टंग, क्रिस वोक्स।

# भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड टीम का एलान, टंग-कुक नए चेहरे, वोक्स की वापसी

एजेंसी ● लंदन

इंग्लैंड ने भारत के खिलाफ 20 जून से शुरू हो रहे पहले टेस्ट के लिए 14 सदस्यीय टीम का एलान कर दिया है। बेन स्टोक्स टीम की अगुआई करेंगे। इस टीम में जोश टंग और सैम कुक नया चेहरा होंगे। वहीं, क्रिस वोक्स की वापसी हुई है। टंग और वोक्स भारत-ए के खिलाफ छह जून से शुरू हो रहे अनधिकृत मैच में इंग्लैंड लायंस टीम का भी हिस्सा हैं। वहीं, जेमी ओवरटन की भी वापसी हुई है।भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए इंग्लैंड की टीमः बेन स्टोक्स (कप्तान), शोएब बशीर, जैकब बेथेल, हैरी ब्रूक, ब्राइडन कार्स, सैम कुक, जैक क्राउली, बेन डकेट, जेमी ओवरटन, ओली पोप, जो रूट, जेमी स्मिथ, जोश टंग, क्रिस वोक्स।टंग और कुक हाल ही में जिम्बाब्वे के खिलाफ चार दिवसीय टेस्ट में टीम का हिस्सा रहे थे। टंग मध्यम तेज गति के गेंदबाज हैं, जबकि कुक दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हैं। इसके अलावा ओवरटन भी खेलते दिखेंगे, जो तेज गेंदबाजी के साथ-साथ बल्लेबाजी भी कर लेते हैं। टीम को गस एटकिंसन की कमी खलेगी, जो चोटिल होने की वजह से पहले टेस्ट के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। ओवरटन की 2022 के बाद टेस्ट टीम में वापसी हुई है।

31 वर्षीय इस गेंदबाज को हाल ही में वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे मैच में अंगुली में चोट लगी थी, लेकिन उन्हें मेडिकल टीम की निगरानी में रखा गया है और



उनके मैच से पहले फिट होने की उम्मीद है। इंग्लैंड की टीम तेज गेंदबाज ब्राइडन कार्स पर काफी निर्भर रहेगी। इसके अलावा ऑलराउंडर जैकब बेथेल भी दिसंबर के बाद वापसी कर रहे हैं। शुभमन गिल (कप्तान), ऋषभ पंत (उपकप्तान और विकेटकीपर), यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, अभिमन्यु ईश्वरन, करुण नायर, नीतीश रेड्डी, रवींद्र जडेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वॉशिंगटन सुंदर, शार्दुल ठाकुर, जसप्रीत बुमराह, मो. सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, आकाश दीप, अर्शदीप सिंह, कुलदीप यादव।

# 'जश्न से ज्यादा महत्वपूर्ण हैं जिंदगियां', बंगलूरू भगदड़ वाली घटना पर आया कपिल देव का बयान

**बंगलूरू।** महान ऑलराउंडर कपिल देव ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान 11 प्रशंसकों की मौत पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि जिंदगी जश्न से ज्यादा महत्वपूर्ण है और सभी को भविष्य में उचित सावधानी बरतने की सलाह दी। बुधवार को अपने पसंदीदा खिलाड़ियों की एक झलक पाने के लिए एम चिन्नास्वामी स्टेडियम के आस-पास के इलाकों में करीब ढाई लाख लोग उमड़ पड़े, लेकिन इसके बाद मची अफरातफरी में 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए।एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम के मौके पर कपिल ने कहा, 'मुझे इस बात का बहुत बुरा लग रहा है। मुझे लगता है कि हमें एक-दूसरे से सीखना चाहिए। अगली बार जब ऐसा कुछ (विजय परेड) होगा तो लोगों को अधिक सचेत रहना चाहिए। लोग गलती करते हैं।'

भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के कप्तान ने टीमों और अन्य हितधारकों से इस तरह के बड़े कार्यक्रमों के दौरान विवेक बनाए रखने का आग्रह किया।कपिल ने कहा, 'गलतियां इतनी बड़ी नहीं होनी चाहिए कि आप मौज-मस्ती कर रहे हों और जान गंवा बैठें। भविष्य में अगर कोई टीम जीतती है तो उसे धैर्य रखना चाहिए। जश्न से ज्यादा जान की अहमियत है। इसे इस तरह से समझा जा सकता है।'कपिल ने उम्मीद जताई कि भारत इंग्लैंड के पांच मैचों के आगामी टेस्ट दौरे में विजयी होगा। उन्होंने कहा, 'वे एक अच्छी टीम हैं। क्रिकेट एक टीम खेल है और अगर वे एक टीम के रूप में खेलते हैं तो उन्हें अच्छे परिणाम मिलेंगे। चाहे वह शुभमन गिल हो या जसप्रीत बुमराह, यह व्यक्तिगत खिलाड़ियों के बारे में नहीं है, एक टीम के रूप में खेलना है। यह अधिक महत्वपूर्ण है।' इस पूर्व ऑलराउंडर ने साथ कहा कि अब वह गोल्फ में एक खिलाड़ी और प्रशासक के रूप में अधिक व्यस्त हैं।



जर्मनी के जोशुआ किमिच (दाएं) म्यूनिख फुटबॉल एरेना में पुर्तगाल और जर्मनी के बीच नेशंस लीग सेमीफाइनल फुटबॉल मैच के दौरान पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो के सामने गेंद रखते हुए।

## श्रीलंका के पूर्व क्रिकेटर सेनानायके मैच फिक्सिंग के दोषी


**कोलंबो।** श्रीलंका के पूर्व आफ स्पिनर सचित्र सेनानायके को हम्बनटोटा उच्च न्यायालय ने लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) के दौरान साथी खिलाड़ी को मैच फिक्सिंग के लिये ललचाने का दोषी पाया है। अटॉर्नी जनरल के विभाग ने कहा कि देश में हाल ही में शुरू किए गए भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत राष्ट्रीय स्तर के किसी खिलाड़ी को पहली बार मैच फिक्सिंग का दोषी पाया गया है।उन्हें 2023 में गिरफ्तार करके जमानत पर छोड़ दिया गया था। 40 वर्ष के सेनानायके ने 2012 से 2016 के बीच श्रीलंका के लिए एक टेस्ट, 49 वनडे और 24 टी20 मैच खेलकर 78 विकेट लिए हैं। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार उन्होंने कोलंबो किंग्स के लिये खेल रहे थारिंदु रत्नायके को फिक्सिंग की पेशकश की थी।

# मृतकों के परिवार को 10-10 लाख रुपये देगी आरसीबी, घायल प्रशंसकों के लिए फंड बनाएगी टीम

एजेंसी ● बंगलुरू

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) फ्रेंचाइजी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में मारे गए 11 प्रशंसकों के परिवारों को 10-10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने अपने बयान में कहा है कि मृतकों के परिजनों को मुआवजे के अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए प्रशंसकों की सहायता के लिए 'आरसीबी केयर्स' नामक एक कोष भी बनाया जा रहा है। बुधवार को चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। दरअसल, आरसीबी ने 18वें सत्र में जाकर पहली बार आईपीएल का खिताब जीता। टीम बुधवार को अहमदाबाद से बंगलूरू पहुंची तो फैंस टीम की एक झलक पाने के लिए बेताब दिखे। खिलाड़ियों को विधान सौधा और चिन्नास्वामी स्टेडियम में सम्मानित किया जाना था। विधान सौधा में सम्मान कार्यक्रम के बाद खिलाड़ियों को विक्ट्री परेड करते हुए स्टेडियम पहुंचना था। हालांकि, फैंस की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई थी। विधान सौधा से लेकर चिन्नास्वामी स्टेडियम तक, लाखों की संख्या में फैंस मौजूद रहे। वह किसी भी तरह से स्टेडियम के अंदर जाने के लिए बेताब दिखे। वे पेड़, कार, बस, जो भी ऊंची चीज दिखी, उस पर चढ़ गए। इतना ही नहीं फैंस स्टेडियम की दीवार और फेंसिंग पर चढ़ते भी दिखे।

स्टेडियम के बाहर पुलिस ने हल्का लाठीचार्ज किया। फिर स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत की खबर आई और कई घायल हो



गए। उसके बाद से कर्नाटक की कांग्रेस सरकार और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। भाजपा ने सिद्धारमैया सरकार पर बदइंतजामी का आरोप लगाया तो कांग्रेस ने भाजपा पर मामले में राजनीति करने का आरोप लगाया है।आरसीबी ने गुरुवार को एक बयान जारी कर कहा कि इस घटना से आरसीबी परिवार को बहुत पीड़ा और दर्द हुआ है और सम्मान के रूप में वे 11 परिवारों को वित्तीय सहायता देंगे। आरसीबी ने त्रासदी में घायल हुए प्रशंसकों का समर्थन करने के लिए 'आरसीबी केयर्स' नाम से एक फंड भी स्थापित किया है। उन्होंने कहा, 'बंगलूरू में बुधवार को हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से आरसीबी परिवार को काफी पीड़ा हुई है। सम्मान और एकजुटता के संकेत के रूप में, आरसीबी ने मृतकों के 11 परिवारों में से प्रत्येक को 10 लाख रुपये की वित्तीय सहायता देने की घोषणा की है। इसके अलावा इस दुखद घटना में घायल हुए फैंस की मदद के लिए आरसीबी केयर्स नाम का फंड भी बनाया जा रहा है। हम जो कुछ भी करते हैं, हमारे दिल में हमारे प्रशंसक हमेशा रहेंगे। हम दुख में एकजुट रहते हैं।'ऐसा नहीं है कि किसी को चेतावनी नहीं दी गई थी। बंगलूरू ट्रैफिक पुलिस ने एक्स पर जारी बयान में कहा था कि विधान सौधा से स्टेडियम तक आरसीबी टीम की बस परेड यातायात संबंधी परेशानियों के कारण नहीं हो सकती है, लेकिन बाद में मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने इसकी अनुमति दे दी थी। खिलाड़ियों के विधान सौधा पहुंचने के बाद दर्शकों के अनियंत्रित होने के कारण हालांकि यह परेड नहीं कराई गई। इसके साथ ही आरसीबी की जीत के बाद मंगलवार रात भीड़ को नियंत्रित करने में भी पुलिस को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा था। आरसीबी ने मंगलवार को पंजाब किंग्स को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुए आईपीएल फाइनल में छह रन से हराया था।

## मातम में बदला जश्न...बंगलूरू भगदड़ में हुई मौतों पर सचिन-कुंबले ने जताया दुख; क्रिकेट प्रेमी स्तब्ध

एजेंसी ● बेंगलुरु

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल 2025 की खिताबी जीत का जश्न उस वक्त मातम में बदल गया जब चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर पहुंचे प्रशंसकों के बीच भगदड़ मच गई। इस घटना में 11 लोगों की मौत हो गई और 33 घायल हो गए। इसकी पुष्टि कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने की। वहीं, बंगलूरू की अप्रिय घटना से क्रिकेट जगत भी स्तब्ध है। सचिन तेंदुलकर, अनिल कुंबले और इरफान पठान ने दुख जताया।पूर्व भारतीय बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने कहा- बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में जो कुछ हुआ वह बेहद दुखद है। मेरी संवेदनाएं हर पीड़ित परिवार के साथ हैं। सभी के लिए शांति और शक्ति की कामना करता हूं।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर अनिल कुंबले ने कहा- क्रिकेट के लिए यह एक दुखद दिन है! आज आरसीबी की जीत का जश्न मनाते हुए अपनी जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति मेरी संवेदना है। घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। दुखद।इरफान पठान ने कहा- प्रशंसक क्रिकेट और हमारे जीवन का दिल हैं। आज बंगलूरू में हुई भगदड़ में हुई दुखद मौत दिल दहला देने वाली है। मेरी संवेदनाएं और संवेदनाएं इस अकल्पनीय त्रासदी से प्रभावित परिवारों के साथ हैं।शिखर धवन ने कहा- बंगलूरू में विजय परेड में भगदड़ की खबर सुनकर दिल टूट गया। प्रभावित परिवारों के लिए प्रार्थना करता हूं। उम्मीद है कि सभी सुरक्षित रहेंगे।




धर्मशाला स्थित एक बौद्ध मठ में तिब्बतयों ने अपने धर्मगुरु दलाई लामा की लंबी उम्र के लिए विशेष प्रार्थना सभा की। इसमें बड़ी संख्या में तिब्बती लोग शामिल हुए।

## शॉट न्यूज

### पाकिस्तान में अहमदिया मुस्लिमों के ईद मनाने पर पाबंदी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत में अहमदिया मुस्लिमों को ईद मनाने से रोकने के लिए जबरदस्ती हलफनामें भरवाए जा रहे हैं। पंजाब में तो अहमदियों को चेतावनी दी गई है कि अगर उन्होंने ईद मनाई तो 5 लाख रुपए जुर्माना देना होगा। पंजाब और सिंध के कई इलाकों में को अहमदिया समुदाय पर घर के अंदर धार्मिक रीति-रिवाजों और कुर्बानी न करने का भी दबाव बनाया जा रहा है। इस साल 7 जून को ईद मनाई जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, कई जगहों पर पुलिस अहमदिया लोगों को हिरासत में ले रही है और उन्हें धमकी देकर या परेशान करके हलफनामे पर साइन कराए जा रहे हैं। पाकिस्तान में हमेशा से अहमदिया समुदाय सरकार और कट्टरपंथियों के निशाने पर रहा है। एमनेस्टी इंटरनेशनल की जून 2024 की रिपोर्ट के मुताबिक, पंजाब में कम से कम 36 अहमदिया लोगों को मनमाने ढंग से गिरफ्तार किया गया था।

### पुतिन ने ट्रम्प से कहा- ड्रोन से किए हमले का बदला लेंगे यूक्रेन से

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूसी राष्ट्रपति पुतिन के साथ यूक्रेन और ईरान के मुद्दे पर करीब 75 मिनट फोन पर बात की। ट्रम्प ने की इसकी जानकारी सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दी। ट्रम्प ने कहा कि उनकी रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ अच्छी बातचीत हुई, लेकिन यह ऐसी बातचीत नहीं थी जिससे तत्काल शांति हो जाए। ट्रम्प ने बताया कि पुतिन ने कहा कि वो यूक्रेन की तरफ से हाल ही में रूस के अंदर किए गए ड्रोन अटैक का बदला लेंगे। इस हमले में रूस के कई विमान तबाह हो गए थे। ट्रम्प ने कहा कि मैंने राष्ट्रपति पुतिन से कहा कि ईरान के पास परमाणु हथियार नहीं हो सकता है। मेरा मानना है कि हम दोनों इस पर सहमत हैं। पुतिन ने सुझाव दिया कि वह ईरान के साथ परमाणु वार्ता में मदद कर सकते हैं। रूस और यूक्रेन की बीच सोमवार को तुर्किये से इस्तांबुल में दूसरे दौर की शांति वार्ता हुई है।

ट्रम्प बोले- खतरनाक लोगों से देश को बचा रहे, 7 और देशों पर आंशिक रोक लगाई

# 12 देशों के नागरिकों को नहीं मिलेगा अमेरिका में प्रवेश

**वॉशिंगटन डीसी • एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 12 देशों के लोगों के अमेरिका आने पर पूरी रोक लगाने का आदेश जारी किया है। उन्होंने कहा कि यह कदम अमेरिका की सुरक्षा और लोगों की जान की हिफाजत के लिए जरूरी है। इन देशों में अफगानिस्तान, म्यांमार, चाड, कांगो गणराज्य, इक्वेटोरियल गिनी, इरिट्रिया,

**रोक**

हैती, ईरान, लीबिया, सोमालिया, सूडान और यमन शामिल हैं। यह बैन 9 जून से लागू हो रहा है। इनके अलावा सात देशों के नागरिकों के अमेरिका आने पर आंशिक रोक भी लगाई है। ये इमिग्रेशन और नॉन-इमिग्रेशन दोनों तरह के वीजा पर लागू होगी। इन देशों में बुरुंडी, क्यूबा, लाओस, सिएरा लियोन, टोगो, तुर्कमेनिस्तान और वेनेजुएला शामिल हैं। ट्रम्प ने कहा... अमेरिका को ऐसे विदेशी नागरिकों से सुरक्षित रखना जरूरी है जो आतंकवादी हमले करने, राष्ट्रीय सुरक्षा को नुकसान पहुंचाने, नफरत फैलाने या इमिग्रेशन कानूनों का गलत फायदा उठाने की कोशिश करते हैं।



### ट्रम्प ने कहा...

इमिग्रेशन वीजा पर आने वाले लोग स्थायी निवासी बन जाते हैं, इसलिए उनकी जांच ज्यादा जरुरी और कठिन होती है। सुरक्षा को खतरा होने पर भी इन लोगों को निकालना मुश्किल होता है। दूसरी तरफ नॉन-इमिग्रेशन वीजा पर आने वालों की जांच कम होती है। इसलिए जिन देशों में पहचान और जानकारी शेयर करने से जुड़ी व्यवस्थाएं ठीक नहीं हैं, वहां से आने वालों पर रोक लगाना जरुरी है।

### 2017 में 7 मुस्लिम बहुल देशों पर बैन लगाया था

ट्रम्प ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान 2017 में एक ट्रैवल बैन लगाया था, जिसे अक्सर मुस्लिम बैन कहा गया। इसमें ज्यादातर मुस्लिम बहुल देशों को शामिल किया गया था। जनवरी 2017 को जारी किए आदेश के मुताबिक शुरुआती प्रतिबंध में जिन 7 देशों पर पूरी तरह से अमेरिका आने पर रोक लगाई गई थी। उनमें ईरान, इराक, लीबिया, सोमालिया, सूडान, सीरिया और यमन शामिल थे। बाद में इसमें बदलाव किए गए। पहले इराक को इस लिस्ट से बाहर कर दिया गया। बाद में सूडान को हटाकर उसकी जगह चाड को जोड़ा गया। फिर नॉर्थ कोरिया और वेनेजुएला जैसे गैर-मुस्लिम देशों को भी शामिल किया गया ताकि इसे धार्मिक भेदभाव वाला न कहा जा सके। ट्रम्प ने दूसरे देशों के नागरिकों को वीजा जारी करते वक्त सावधानी बरतने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वीजा जारी करते वक्त ध्यान रखना चाहिए कि ऐसे लोग अमेरिका न आ सकें जो अमेरिकियों या देश के हितों को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

## गाजा स्टोरी हटाने का व्हाइट-हाउस का दावा गलत : बीबीसी

### आरोप - हमास की बात को सच मानता है चैनल

**वॉशिंगटन डीसी • एजेंसी**




ब्रिटिश न्यूज चैनल बीबीसी ने गाजा से जुड़ी रिपोर्ट को हटाने के व्हाइट हाउस के दावे को गलत बताया है। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलीन लीविट ने दावा किया था कि बीबीसी ने राफा में एक राहत केंद्र के पास हुई मौतों और घायलों की खबर को हटाया है। उन्होंने कहा कि बीबीसी ने अपनी हेडलाइन को नई जानकारी आने के बाद बदल दिया था। इसके जवाब में बीबीसी ने साफ किया कि उसने अपनी खबर नहीं हटाई है। चैनल ने कहा कि उसकी हेडलाइन घटना से जुड़ी नई जानकारियों के साथ पूरे दिन अपडेट होती रही, जो कि एक सामान्य प्रक्रिया है।

कैरोलीन लीविट से मंगलवार को प्रेस ब्रीफिंग के दौरान गाजा में हुई मौतों पर सवाल किया गया था। इसके जवाब में लीविट ने कहा कि हम रिपोर्ट्स की जांच कर रहे हैं, कुछ मीडिया की तरह हम हमास की बातों को तुरंत सच नहीं मानते। उन्होंने आरोप लगाया कि बीबीसी ने एक ही खबर के लिए कई हेडलाइंस दीं, इनमें इजराइली टैंक ने 26 मारे, 21 मारे और इजरायली गोलीबारी में 31 की मौत जैसी हेडलाइंस शामिल थीं। लीविट ने कहा कि बीबीसी ने फुटेज की जांच के बाद खबर को हटाया और माना कि कोई पुख्ता सबूत नहीं मिला। लीविट ने एक दूसरे मीडिया हाउस से जुड़ी पोस्ट को एक्स पर शेयर किया, जिसमें उसने गाजा से जुड़ी स्टोरी हाटने की बात कही थी। बीबीसी के प्रवक्ता ने कहा कि फुटेज की जांच के बाद खबर हटाने का दावा पूरी तरह गलत है। हमने कोई खबर नहीं हटाई और हम अपनी पत्रकारिता पर कायम हैं। बीबीसी ने कहा कि सबसे पहले डॉक्टरों ने 15 मौतें बताईं, फिर गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने 31, और रेड क्रॉस ने कम से कम 21 का आंकड़ा दिया।

60 लाख के पार पहुंची संख्या, गधों की खाल से बनाया जाता है''ई-जियाओ' औषधीय जिलेटिन

# चीन के लिए गधे पाल रहा पाकिस्तान

**इस्लामाबाद • एजेंसी**

पाकिस्तान में गधों की आबादी में लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जो अब 60 लाख 47 हजार तक पहुंच गई है। यह आंकड़ा पिछले साल 59.38 लाख था। पाकिस्तान ब्यूरो ऑफ स्टैटिस्टिक्स (पीबीएस) की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक साल में गधों की संख्या में 1 लाख 9 हजार का इजाफा हुआ है। गधों की यह बढ़ती संख्या चीन में इसकी खाल और मांस की बढ़ती मांग से जुड़ी बताई जा रही है। चीन में गधों की खाल से 'ई-जियाओ' नामक पारंपरिक औषधीय जिलेटिन बनाया जाता है, जिसकी मांग लगातार बढ़ रही है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक, सबसे ज्यादा गधों की संख्या बढ़ी है। हालांकि इसके अलावा, अन्य पशुधन की संख्या में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। भैंसों की संख्या 13.8 लाख बढ़कर 4.76 करोड़ हो गई। बकरियों की संख्या 23.5 लाख बढ़कर 8.94 करोड़ पहुंच गई। भेड़ों की संख्या 3.88 लाख बढ़कर 3.31 करोड़ हो गई। ऊंटों की संख्या 14,000 बढ़कर 11.77 लाख हो गई। घोड़ों की संख्या 1,000 बढ़कर 3.83 लाख हो गई। खच्चरों की संख्या 3,000 बढ़कर 2.27 लाख हो गई ।कुल मिलाकर, पाकिस्तान का पशुधन अब 597.11 मिलियन (करीब 59.7 करोड़) हो गया है, जो पिछले साल 575.4 मिलियन (करीब 57.5 करोड़) था।



### चीन में 'ई-जियाओ' की मांग से गधों पर संकट

गधों की बढ़ती संख्या के पीछे चीन में 'ई-जियाओ' के लिए गधों की खाल की जबरदस्त मांग एक बड़ी वजह है। 'ई-जियाओ' पारंपरिक चीनी चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाला जिलेटिन होता है, जिसे गधों की खाल से तैयार किया जाता है। इस पारंपरिक औषधि का उपयोग ब्लड सर्कुलेशन, इम्युनिटी बढ़ाने और कैंसर की रोकथाम जैसे दावों के साथ किया जाता है। ब्रिटिश पशु कल्याण संस्था 'द डंकी सैंक्चुअरी' की फरवरी में जारी रिपोर्ट के अनुसार, ई-जियाओ उद्योग को हर साल करीब 59 लाख गधों की खाल की जरुरत होती है। चीन के शेडोंग प्रांत में ई-जियाओ का उत्पादन सबसे ज्यादा होता है और इसे वहां की "राष्ट्रीय सांस्कृतिक धरोहर" माना जाता है। हालांकि चीन की अपनी गधों की आबादी 1990 में 5.6 करोड़ से घटकर 2022 में मात्र 86 लाख रह गई है, जिसके चलते वह पाकिस्तान और अफ्रीकी देशों जैसे आपूर्तिकर्ताओं पर निर्भर हो गया है।

### ग्वादर में गधों के वध के लिए खुला नया स्लॉटरहाउस

पाकिस्तान ने इस अवसर को भुनाने के लिए ग्वादर में देश का पहला स्लॉटरहाउस (बूचड़खाना) शुरु किया है, जो चीन की कंपनी हांगेंग ट्रेड कंपनी द्वारा संचालित है। यह चीन में गधे के मांस, हड्डियों और खाल की बढ़ती मांग को पूरा करेगा। इसके अलावा, पाकिस्तान और चीन के बीच गधों की खाल और हड्डियों के निर्यात के लिए समझौता हुआ है, जिससे स्थानीय बाजार पर असर पड़े बिना विदेशी मुद्रा अर्जित करने की उम्मीद है। पिछले वर्षों में इन वस्तुओं के निर्यात में देरी हो रही थी, क्योंकि जरुरी कानूनी प्रक्रियाएं पूरी नहीं हुई थीं। अब वह प्रक्रिया पूरी कर ली गई है, जिससे गधों के वध और खाल के निर्यात में तेजी आने की संभावना है।

**स्वामी/मुद्रक/प्रकाशक -** दीपक बुड़ाना द्वारा चैतन्य लोक ग्राफिक्स, एलयूएन-22, सेक्टर-एफ इंडस्ट्रियल एरिया, सांवेर रोड इंदौर (मध्यप्रदेश) से मुद्रित एवं 66 बी शुभम पैलेस, छोटा बांगड़दा रोड इंदौर से प्रकाशित।
**संपादक-** दीपक बुड़ाना, आर.एन.आई. नबंर - MPHIN/2014/56594 (सभी विवादों का न्यायलय क्षेत्र इंदौर रहेगा)